तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 6 अगस्त, 2025



12 बीएसपी-निगम में प्रॉपर्टी टैक्स विवाद व्यापारियों ने लगाया वसूली का आरोप





13 किसानों को सिर्फ पंजीकृत डीलरों से ही कीटनाशक खरीदने की सलाह






# डॉक विभाग की लापरवाही से भाइयों की कलाई में राखी बंधने में असमंजस


हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



डाक विभाग ने स्पीडपोस्ट सिस्टम को अपडेट और हाइटेक करने के लिए नया सॉफ्टवेयर लॉन्च किया है। नया सॉफ्टवेयर भी ऐसे समय में लांच किया गया है, जब हिंदू धर्म का सबसे बड़ा राखी का त्यौहार है। नए सॉफ्टवेयर के सही से काम ना करने से स्पीटपोर्ट पूरी तरह से बंद हो गया है। 5 अगस्त बीत जाने के बाद भी बहनें अपने भाइयों को रखी नहीं भेज पाई हैं। अब उन बहनों को सबसे अधिक चिंता सता रही है जिनके भाई दूर दूसरे राज्य में रह रहे हैं या जॉब कर रहे हैं। उन्हें चिंता है कि उनकी राखी उनके भाई की कलाई में रक्षा बंधन के दिन बंध पाएगी या नहीं। इसका जवाब डॉक विभाग के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं, वो लोगों से निवेदन करके एक ही बात कह रहे हैं कि डॉक घर के बाहर लगे लेटर बॉक्स में राखी का लिफाफा डाल दें, वो उनके भाई तक पहुंच जाएगा।

**राखी से 10 दिन पहले लांच कर दिया नया सॉफ्टवेयर, सिस्टम फेल होने से लोग साधारण डॉक से राखी भेजने को मजबूर**

### राखी नहीं जा पाने के कारण बहन खुद जा रही



जवाहर नगर भिलाई निवासी सरिता केसरवानी का मायका प्रयागराज उत्तर प्रदेश में है। उन्होंने कहा वो अपने भाई को हर साल या तो राखी भेजती हैं या खुद बांधने के लिए मायके जाती हैं। इस बार उन्होंने पोस्ट ऑफिस राखी स्पीडपोस्ट करने के लिए भेजा तो पता चला कि नए सॉफ्टवेयर के चलते वो नहीं होगा। इसलिए उन्होंने रिजर्वेशन कराया और खुद इलाहाबाद जा रही हैं।

### ऐसे समय में नहीं करना था ये प्रयोग



वैशाली नगर निवासी पूनम मिश्रा का कहना है कि राखी हमारा इतना बड़ा त्यौहार है। हर बहन चाहती है कि राखी के दिन उसके भाई की कलाई में उसकी राखी बंधे। डॉक विभाग को बहनों की संवेदना को देखना चाहिए और ऐसे समय में ये प्रयोग नहीं करना था।

## खबर संक्षेप

### शहर में दुकान चलाने के लिए ट्रेड लाइसेंस जरूरी नहीं तो होगी कार्रवाई

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दुकान संचालित करने के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। बावजूद लंबे समय से इसकी अनदेखी की जा रही है। अब निगम ऐसे दुकानदारों से सख्ती से निपटेगा, जो बिना लाइसेंस के दुकान का संचालन कर रहे हैं। ऐसे सारे लोगों का सर्वे होगा। निगम की टीम गली-मोहल्ले में पहुंचकर ऐसे लोगों की पहचान करेगी। उन्हें नोटिस जारी कर लाइसेंस की अनिवार्यता की की जानकारी देगी। नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 366 एवं अन्य प्रावधानों के तहत जुर्माना कार्रवाई की जाएगी। ट्रेड लाइसेंस एक वर्ष के लिए जारी किया जाता है, यदि कोई भी कारोबारी समय पर नवीनीकरण नहीं कराता है, तो उस पर भी अर्थदण्ड से दण्डित किया जाएगा। ट्रेड लाइसेंस के लिए प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है। लाइसेंस के लिए निगम द्वारा गठित टीम प्रतिदिन सर्वे करेगी। अधिकारियों ने बताया कि दुकान स्थापना पंजीयन (गोमास्ता) का तात्पर्य श्रम विभाग से आपके दुकान में कार्यरत कर्मचारियों का पंजीयन कराना होता है। इसमें व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होती है। इसलिए निगम के बिना लायसेंस के व्यवसाय करना अवैध माना जाएगा।

### नशे के लिए पैसा नहीं दिया चाकू से हमला, गिरफ्तार



**भिलाई।** जेवरा-सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत नया तालाब सिरसा खुर्द के पास नशे के लिए पैसा नहीं देने पर आरोपी प्रहलाद पिता रमेशर यादव उम्र 53 वर्ष ने चाकू से हमला कर दिया। कमल कुंभकार 30 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना 4 अगस्त को रात करीब 9 बजे की है। कमल घटना स्थल पर खड़ा हुआ था। तभी सिरसाखुर्द का ही रहने वाला प्रहलाद यादव आया। प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की डिमांड की। कमल ने मना किया तो प्रहलाद यादव गाली गलौच शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस वजह से कमल के दाएं हाथ के पंजे एवं सिर के बाईं तरफ चोट आई। पुलिस ने धारा 296,119 (1),351(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी से धारदार हथियार जब्त कर लिया गया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### मरने वाले में एक ट्रेनी डॉक्टर दूसरा नाबालिग, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

# सड़क हादसों में दो ने गंवाई जान

# इधर, बस ने पुलिस वैन को उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई





दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई। मामला जामुल थाना और स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र का है। ठोकर मारने वाले चालकों के वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। हादसे में कुल 5 युवक अब भी घायल हैं। उनका उपचार जारी है।

पुलिस ने बताया कि तालपुरी निवासी शहदान अली अपनी स्कूटी सीजी 19 ए 2771 में अपने दोस्त उत्तम कुमार के साथ था। इंदु आईटी स्कूल कुरुद के पास बाइक सीजी 07 सीडब्लू 2768 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार को युवकों को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार शहदान अली को गंभीर चोट आईं। उसका दोस्त भी घायल हो गया। पुलिस व राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां शहदान अली की मौत हो गई। मृतक और उसका दोस्त सीएम मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। आरोपी के बाइक में गोंडपारा कुरुद निवासी वासुदेव ठाकुर, वार्ड 21 भाठापारा कुरुद निवासी मोहित बघेल सवार था।

दूसरी घटना जामुल थाना क्षेत्र की है। सोमवार रात लेबर कैम्प जामुल निवासी करण सिंह अपनी बाइक में अपने दोस्त राहुल कामले, मधुकर उर्फ चाटी के साथ ग्राम ढौर जा रहे थे। लौटते समय इनकी बाइक कार सीजी 7 सीएच 4560 की चपेट में आ गए। हादसे में गंभीर रुप से घायल करण समेत उसके दोस्तों को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया। जहां करण की मौत हो गई। राहुल, चाटी हादसे में घायल है।

**मई से जुलाई महीने में ज्यादा हादसे**

| माह | हादसे | मौत |
|---|---|---|
| **2024** | | |
| मई | 129 | 36 |
| जून | 108 | 41 |
| जुलाई | 99 | 16 |
| **2025** | | |
| मई | 116 | 23 |
| जून | 13 | 27 |
| जुलाई | 91 | 22 |

### बाइक और स्कूटी में जबरदस्त भिड़ंत, गंभीर चोटें आईं

स्थानीय लोगों के मुताबिक स्कूली सवार शहदान, उत्तम अपने लेन पर चल रहे थे। लेकिन बाइक सवार तेज रफ्तार से चलाकर स्कूटी सवार को ठोकर मार दी।हादसे में सड़क पर शहदान काफी देर तक पड़ा था। कोई एम्बुलेंस भी नहीं आने पर घायलों को दो आटो में अस्पताल पहुंचाया गया। सभी को सीएम मेड़िकल कालेज में पहुंचाया गया। आटो से घायलों को ले जाने के बाद डॉयल 112 पहुंची थी। बताया यह भी जा रहा है कि बाइक सवार युवकों ने वाहन चलाते समय नशे पर थे। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आरोपी वाहन चालक किस नशे में थे।

### नवातरिया है डेंजर पाइंट

जहां पर करण हादसे का शिकार हुआ है। अक्सर सड़क हादसे में किसी न किसी की मौत होती रही है। आज डेंजर पाइंट के नाम से घटनास्थल जाना जाता है। इसे लेकर तेज रफ्तार वाले वाहनों पर लगाम नहीं कस पा रही है। लेकिन चालानी में आगे चल रही है। ग्रामीण क्षेत्र में सड़क हादसों में लगातार इजाफा होता आ रहा है। इसे रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस को यहां अभियान चलाकर लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है। इसके अलावा यहां नाबालिग भी गेयर वाले वाहनों को चलाया करते है। इन नाबालिग पर ट्रैफिक पुलिस को लगाम कसना चाहिए।

## मालवीय नगर चौक पर कांकेर ट्रेवल्स की बस ने पुलिस वैन को मारी टक्कर



**दुर्ग।** मोहन नगर थाना अंतर्गत मालवीय नगर चौक पर तड़के सुबह करीब 6 बजे बड़ा सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कांकेर ट्रेवल्स की बस सीजी 19 एफ 2070 ने पुलिस लाइन की वैन को ही चपेट में ले लिया। हादसा इतना जबर्दस्त था कि वैन पटल गई। पुलिस वैन रक्षित केंद्र में एमटी शाखा में पदस्थ वाहन चालक राम बिलास बनर्जी चला रहा था। वह सुबह जेल रोड से मालवीय नगर

- मोहन नगर पुलिस ने दर्ज किया अपराध

चौक, रेलवे स्टेशन होते हुए कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर पुलिस बल लाने के लिए जा रहा था। तभी बस स्टैंड दुर्ग की तरफ से आ रही बस ने उसे ठोकर मार दी। हादसे में बनर्जी को सामान्य चोटें आई हैं। वहीं दोनों गाड़ियों के शीशे टूट गए हैं। सूचना पर पुलिस ने मामले में कांकेर बस के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

सोमवार सुबह करीब 6 बजे मालवीय नगर चौक पर एक शासकीय बस से जुड़ा सड़क हादसा सामने आया। बस उस समय खाली थी और जयंती स्टेडियम स्थित कथा स्थल में ड्यूटी के लिए फोर्स को पहुंचाने जा रही थी।

घटना के दौरान शासकीय बस को ड्राइवर प्रधान आरक्षक रामविलास चला रहा था, जो सिविल ड्रेस में था। नियम के अनुसार, ड्यूटी के दौरान चालक को वर्दी में होना अनिवार्य है, लेकिन यहां नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई। यह बस पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम में ड्यूटी कर रही फोर्स को लेने के लिए स्टेशन के पास स्थित एक भवन में जा रही थी। गनीमत रही कि बस खाली थी, और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन वाहन संचालन और ड्यूटी पालन को लेकर लापरवाही की तस्वीर जरूर उजागर हो गई। वहीं दूसरी ओर, इसी समय कांकेर रोडवेज की एक अन्य बस दुर्ग बस स्टैंड से मंडला-जबलपुर की ओर रवाना हो रही थी। फिलहाल, अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित चालक की भूमिका की भी पतासाजी की जा रही है।



## पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने पहुंची महिलाएं हुई चेन स्नेचिंग का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अंतराष्ट्रीय शिवमहापुराण कथावाचक प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम में महिलाओं का चेनस्नेचिंग होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना मंगलवार अंतिम दिन के कथा के समय हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक जयंती स्टेडियम में आयोजित शिवमहापुराण कथा में प्रदेश भर से महिलाएं पुरुष कथा सुनने भक्तगण पहुंचे थे। कथा 30 जुलाई से 5 अगस्त से चलता रहा, अंतिम दिन कथा को सुनने भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसी का फायदा हुए अज्ञात ने महिलाओं के गले से चेनस्नेचर कर फरार हो गए। घटना की शिकार तीन महिलाएं हुई है। जिसकी लिखित शिकायत भिलाई नगर थाने में की गई है। जिसमें तीन महिलाओं ने अपने मंगलसूत्र पार होने की जानकारी तो वहीं दो ने बाइक चोरी की शिकायत की है। पुलिस ने एक बाइक चोर को पकड़ लिया है। पीड़ित महिला बबली श्रीवास्तव के मुताबिक कथा सुनने वह सातों से आ रही है। आज जब कथा समाप्त हो रहा था तभी एक अज्ञात पीछे से मंगलसूत्र को खींचकर फरार हो गया। कथा में भीड़ इतनी थी कि महिला आरोपी की पीछा नहीं कर पाई। महिला का एक तोले का मंगलसूत्र पार हो गया। इसके अलावा मंजू पुरोहित के मुताबिक कथा स्थल से बाहर निकलते समय एक सफेद कपड़ों में महिला उनके पास आई और डेढ़ तोले का मंगल सूत्र पार कर दिया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटनाओं को लेकर पुलिस जांच कर रही है। जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। कथा में भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी थी।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री





916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


### जिले में औसत 546 मिमी से कम बारिश, अब तक 532.8 मिमी पानी गिरा

# ट्विनसिटी में 4.6 मिमी बारिश, आज भी आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पिछले तीन दिनों से जिले में बारिश का टोटा है। इस वजह से उमस और चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेचैन कर दिया है। कूलर-पंखे काम करना बंद चुके हैं। इस बीच मंगलवार की शाम अचानक मौसम बदला और तेज हवा के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक करीब 4.6 मिलीमीटर पानी गिरा। जिले में अब तक 532.8 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, यह सामान्य से करीब 3 प्रतिशत कम है। जिले के बारिश का औसत करीब 546.5 मिलीमीटर है। मौसम विभाग के मानें तो अगले 48 घंटों में बारिश की संभावना बन रही है। इससे



लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। वर्तमान में बारिश नहीं होने से तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 3.9 डिग्री ज्यादा रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 0.4 डिग्री ज्यादा रहा।

### उत्तर छत्तीसगढ़ में 5 दिन का अलर्ट, आंधी-तूफान के आसार

मौसम विभाग की मानें तो अगले 5 दिनों में पूरे प्रदेश में बारिश के आसार बन रहे हैं। इसमें अगले 48 घंटे में दुर्ग जिले में पानी गिरने की संभावना है। मंगलवार दोपहर 12 बजे अचानक मौसम बदला और तेज बारिश हुई। वहीं मौसम विभाग ने उत्तर छत्तीसगढ़ में अगले 5 दिनों तक आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। 6 अगस्त से प्रदेशभर में गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। दुर्ग जिला भी इससे अछूता नहीं है। इधर दक्षिण छत्तीसगढ़ के सुकमा, बस्तर, बीजापुर, सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा, दुर्ग, रायपुर में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। 48 घंटों में दुर्ग, रायपुर और बस्तर संभाग के कुछ स्थानों हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

BHILAI | DHANORA

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- FITTER 2 Year (10th Pass)
- C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93949 • 89595-44444

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93934 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

## जलभराव प्रभावितों को 5 सौ रुपए अतिरिक्त मिलेंगे



भिलाई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रेशने आवास कोसा नगर जलभराव प्रभावितों के लिए पूर्व में 6-6 हजार रूपये की सहायता राशि घोषणा के बाद प्रभावित 62 परिवारों के लिए एक और अच्छी खबर है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि सभी को रक्षाबंधन त्यौहार के मद्देनजर 5-5 सौ रूपये की अतिरिक्त राशि राहत के तौर पर जोड़ दी गई है। दो से तीन दिन के भीतर राहत राशि का चेक प्रभावित परिवारों को दे दिया जाएगा। आपको बता दें कि जुलाई महीने में भारी वर्षा के दौरान कोसा नगर में जलभराव की स्थिति में अनेक लोगों के घर पानी जा घुसा था। इससे उनके घरेलू सामान को क्षति पहुंची थी, साथ ही पानी निकासी तक वहां के रहवासियों का जीवन अस्त व्यस्त रहा। विधायक रिकेश सेन ने तत्काल सभी प्रभावितों को राहत राशि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा की नतीजतन उन्होंने तत्काल सूचीबद्ध प्रभावित परिवारों को 6-6 हजार रूपये की राहत राशि दिए जाने की घोषणा की थी।

## विद्यार्थी स्काउट गाइड आंदोलन से जुड़े : कलेक्टर



दुर्ग। भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य उपाध्यक्ष सुनीता बोहरा एवं आजीवन सदस्य संजय बोहरा के मार्गदर्शन तथा जिला अध्यक्ष अशोक देशमुख की उपस्थिति में कलेक्टर एवं मुख्य संरक्षक, भारत स्काउटस एवं गाइड्स जिला दुर्ग अभिजीत सिंह से मुलाकात कर राष्ट्रपति पुरस्कृत गाइड कुमारी कुसुम सिन्हा का सम्मान किया गया तथा भारत स्काउट एवं गाइड के विभिन्न गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सुनीता बोहरा एवं जिले की गाइडर द्वारा कलेक्टर को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की बधाई दी। जिसमें सरस्वती गिरिया जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, नीरज साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, बालकदास रावत, जिला संगठन आयोग स्काउट, अमिता हरमुख, त्रिलोक चंद चौधरी, देवेंद्र देवांगन सचिव विकासखंड धमधा उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कुसुम सिन्हा को बधाई देते हुए जिले के सभी विद्यालयों के बालक बालिकाओं को स्काउट गाइड आंदोलन से जुड़कर देश सेवा की ओर प्रेरित होने का संदेश दिया।

# गुमनामी के अंधेरे में स्वतंत्रता सेनानी और दुर्ग के पहले सांसद वासुदेव श्रीधर किरोलीकर, महात्मा गांधी से जुड़कर जगायी थी आजादी की अलख

**परिजनों ने सांसद विजय बघेल से मिलकर इस महान सपूत की यादों को संजोने की लगाई गुहार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

देश के महान स्वतंत्रता सेनानी और दुर्ग के पहले सांसद वासुदेव श्रीधर किरोलीकर को शासन-प्रशासन ने भूला दिया है। कभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से जुड़कर आजादी का अलख जगाने वाले किरोलीकर ताम्रपत्र से भी सम्मानित किए जा चुके हैं, जिसे आज भी उनके परिवार की तीसरी पीढ़ी ने संभालकर रखा है। उन्होंने सांसद विजय बघेल से मिलकर गुहार लगाई है कि किरोलीकर को वह सम्मान दिलाया जाए, जिसके वे हकदार हैं। पिछले तीन साल से वे देश के इस महान सपूत को साथ लिए इधर से उधर भटक रहे हैं। उन्होंने सांसद से गुहार लगाई है कि शहर उन्हें जाने, इसके लिए उनकी यादों को देश के अन्य महान क्रांतिकारियों की तरह संजोया जाए। किसी एक सार्वजनिक स्थल का नामकरण उन महान क्रांतिकारी वासुदेव श्रीधर किरोलीकर के नाम पर किया जाए। इस पर सांसद विजय बघेल ने आश्वासन दिया है कि इसे लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनवाई जाएगी, जो तत्काल इस पर निर्णय लेगी। किरोलीकर के परिवार के सदस्यों में प्रमोद किरोलीकर, अमोद किरोलीकर, संजय वाकंकर, सुबोध देशपांडेय, विजय किरोलीकरण, मृगया किरोलीकर शामिल हैं।

### किरोलीकर देश की आजादी के लिए तीन बार गए जेल

वासुदेव श्रीधर किरोलीकर का देश की आजादी में अहम योगदान हैं। वे तीन बार जेल गए। इससे पहले वे महात्मा गांधी के संपर्क में आए और आजादी की इस जंग में कूद पड़े। देश में पहली बार लोकसभा के इलेक्शन हुए, किरोलीकर ने दुर्ग सीट से चुनाव लड़ा। उन्हें 1,21,645 मिले, उनके निकटतम प्रत्याशी दुर्गा प्रसाद रहे, जिन्हें 29,422 वोट मिले। इस प्रकार उन्हें 63 फीसदी वोट मिले, जो आज भी एक रिकार्ड है। अगली बार 1957 में किरोलीकर ने यह कहते हुए चुनाव नहीं लड़ा कि दूसरे को मौका दिया जाए। 1947 में वे कोऑपरेटिव स्टोर के अध्यक्ष रहे। 1950 से 1952 तक पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रहे। 14 फरवरी 1941 से 31 मई 1941 तक रायपुर और 11 अगस्त 1942 से 24 अप्रैल 1944 तक नागपुर जेल में रहे।



### 1937 में दुर्ग म्युनिसिपल कमेटी के चेयरमैन रहे

किरोलीकर 1937 और 1938 में म्युनिसिपल कमेटी के प्रसिडेंट रहे। 1930 से 1932 तक लोकल बोर्ड के चेयरमैन रहे। उन्होंने ताउम्र अपने हाथ से बनाए गए खादी के ही कपड़े पहने। उनका जन्म 1893 को हुआ और मृत्यु 25 अप्रैल 1973 को हुई। उन्होंने अपना पूरा जीवन सादगी से बिताया। दुर्ग में रहने के बाद भी गुमनामी के अंधेरे में उनका परिवार है। उनके बाद के नेताओं ने उन्हें भूला दिया। वर्तमान में उनका परिवार श्याम प्रसाद मुखर्जी नगर में निवासरत हैं, जिनके बारे में बहुत ही कम लोगों को जानकारी है। वर्तमान में उनके परिवार ने अपने दादा की मान और प्रतिष्ठा को वापस लाने के लिए प्रयास शुरू किया है। इसे लेकर वे सांसद विजय बघेल से मिले।

### आने वाली पीढ़ी उन्हें याद रखे, इसलिए कर रहे प्रयास

आने वाली पीढ़ी देश के इस महान सपूत को याद रखे, इसलिए प्रयास कर रहे हैं। पिछले तीन साल से हम चक्कर काट रहे हैं। सांसद विजय बघेल से उन्हें आश्वासन मिला है, उन्होंने कहा है कि कलेक्टर की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की जाएगी। हमने मांग रखी है कि इस महापुरुष का नामकरण दुर्ग रेलवे स्टेशन, वाय शेप ओवर ब्रिज, अंतर राष्ट्रीय स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स प्रियदर्शनी परिसर या अन्य किसी सार्वजनिक स्थल पर किया जाए। ताकि आज के युवा उन्हें जान सकें।

-मृगया किरोलीकर, परनाती

**टैक्स को लेकर रार : भिलाई निगम ने बीएसपी को भेजा डिमांड नोटिस**

# बीएसपी-निगम में प्रॉपर्टी टैक्स विवाद व्यापारियों ने लगाया वसूली का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बीएसपी और नगर निगम भिलाई में टैक्स विवाद लगातार बढ़ते जा रहा है। लंबे समय से निगम प्रॉपर्टी और अन्य टैक्स को लेकर डिमांड नोटिस भेज रहा है, जिसे बीएसपी प्रबंधन ने गंभीरता से नहीं लिया है। हालांकि कुछ राशि निगम में जमा कराई है, लेकिन एक बड़ी राशि अब भी बकाया है। इसे लेकर गतिरोध का क्रम जारी है। इधर टाउनशिप के व्यापारी बीएसपी प्रबंधन की कार्यप्रणाली से खासे नाराज है। उन्होंने मंगलवार को निगम आयुक्त राजीव पांडेय से मुलाकात की। अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

व्यापारियों ने कहा कि व्यावसायिक एवं आवासीय परिसर पर तरह-तरह के अर्थदंड की अवैधानिक वसूली की जा रही है। विभागीय रोक लगाने कई बार शिकायत की जा चुकी है। बावजूद समस्या तस के तस बनी हुई है। स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का प्रतिनिधि मंडल ज्ञानचंद जैन के नेतृत्व में एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी के निगम पहुंचा था। उन्होंने आयुक्त को सौंपकर मामले में हस्तक्षेप किए जाने की मांग की।

**व्यापारी मिले निगम आयुक्त राजीव पांडेय से, समस्याओं से कराया अवगत**



### पुराने भुगतान का मामला अब भी अनसुलझा, निगम भेज रहा नोटिस

बता दें कि बीएसपी और भिलाई निगम में टैक्स को लेकर विवाद नया नहीं है। इससे पहले भी करीब 500 करोड़ रुपए टैक्स बकाया को लेकर दोनों एजेंसियों में गतिरोध की स्थिति बनी। करीब 5 साल पहले निगम ने 5.47 करोड़ रुपए की डिमांड की थी। उस समय भी निगम ने बीएसपी को नोटिस जारी किया। इसमें कहा गया था कि कर के बारे में सही जानकारी नहीं दी गई। शिक्षा उपकरण का आकलन भी स्पष्ट नहीं था। इसके बाद निगम ने पांच गुना पेनल्टी के साथ डिमांड नोटिस भेजा। पुराना रिकार्ड मांगा गया। मामला कोर्ट तक पहुंचा। बाद में दोनों पक्षों में सुलह हुई। वर्तमान में एक बार पुनः टैक्स विवाद खड़ा हो गया है।

### अवैधानिक गतिविधियों पर तत्काल रोक की मांग, कई अन्य समस्याओं से कराया अवगत

व्यापारियों ने साडा कार्यकाल, लीज पद्धति पर आवंटित भूमि को लेकर प्रबंधन की कार्यशैली, निगम के गठन के बाद की स्थिति से आयुक्त को अवगत कराया गया।मांग की गई कि टाउनशिप में अवैधानिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने कहा कि उन्हें कार्रवाई की धमकी दी जा रही है। जबकि प्रबंधन को शासन को मार्गदर्शन में काम करना है, लेकिन वह न जिला प्रशासन की सुनता है न ही स्थानीय निकायों के आदेश को गंभीरता से लेता है। लगातार व्यापारियों और लीजधारियों पर दबाव बनाया जाता है। प्रतिनिधि मंडल में महासचिव दिनेश सिंघल, सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता, अजय दीक्षित, प्रेमनाथ शेखर, उमा महेश्वर, गणेश ताम्रकार, गुरनाम सिंह, सत्यनारायण बंछोर, रुपेश जैन सहित अन्य शामिल हैं।

### निगम ने भेजा डिमांड नोटिस, बीएसपी ने जमा कराया टैक्स, पुराने बकाया पर बात नहीं

जानकारी के मुताबिक निगम ने पिछले दिनों बीएसपी को डिमांड नोटिस भेजा। इसमें करीब 2.28 अरब रुपए की डिमांड की गई है। इसके बाद बीएसपी को 30 दिन का अल्टीमेटम जारी किया है। बता दें कि प्रबंधन द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 9.24 करोड़ रुपए टैक्स की राशि जमा कराई है। इसमें शिक्षा उपकर का करीब 72 लाख और समेकित कर का 1.30 करोड़ रुपए शामिल है। निगम के अधिकारियों के मुताबिक संपत्तिकर का 37.02 करोड़ रुपए है। शिक्षा उपकर का 3.70 करोड़ है। इसके अलावा 1.85 करोड़ रुपए के करीब पुराने बकाया राशि की पेनल्टी है। इस प्रकार सभी टैक्स को मिलाकर करीब 2.28 अरब रुपए की वसूली की जानी है, लेकिन मामला पिछले लंबे समय से अटकते रहा है।

## आयुक्त की शिकायत कलेक्टर से, कार्य नहीं करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर को भिलाई सी मार्केट और मदर मार्केट की आवंटन को लेकर भिलाई निगम आयुक्त की शिकायत की है। आप के मेहरबान सिंह ने बताया कि त त्‍ का ली न विधायक देवेंद्र यादव के कार्यकाल में विधायक निधि से मदर मार्केट तथा सी बाजार का करोड़ रुपए खर्च करके रिनोवेशन तथा निर्माण किया गया था जो अब तक दुकान आबंटित नहीं की गई।

■ मामला मार्केट की दुकानों को आवंटित न करने का

वहीं मदर एस मार्केट में लगभग 30 दुकानें हैं। लेकिन जनप्रतिनिधियों के अपने स्वार्थ के कारण दुकान आवंटित नहीं होने दी। अपने लोगों को दुकान आबंटित करने के कारण इन दुकानों का आवंटन आज दिनांक तक नहीं हो सका। नियम अनुसार 6 महीने तक भिलाई नगर निगम स्थानीय सरकार द्वारा निर्णय न लेने से आयुक्त द्वारा विधि अनुसार इन दुकानों का आवंटन किया जाना था लेकिन भिलाई नगर निगम आयुक्त द्वारा अपने कर्तव्य का पालन न करते हुए दुकानों का आवंटन लंबित रखा जिससे भिलाई नगर निगम को राजस्व की हानि हुई वर्षों से बंद पड़ी है।

इन दुकानों को अगर आवंटित कर दिया जाता तो भिलाई नगर निगम को राजस्व आना शुरू हो जाता। भिलाई नगर से लोकसभा उपाध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने बताया की महिलाओं द्वारा दुकान आमंत्रित करने के लिए लिखित आवेदन दिया गया इसके अलावा कैनाल रोड के विस्थापितों को दुकान आवंटित करने का निवेदन किया गया लेकिन सभी आवेदनों पर नगर निगम के द्वारा अलग-अलग जवाब देकर की भ्रम की स्थिति पैदा की। आम आदमी पार्टी इन दुकानों की आवंटन जल्द करने की मांग की है। मौके पर सदस्य जसप्रीत सिंह, रऊफ अंसारी, हरचरण सिंह, अविनाश गायकवाड़, धर्मेंद्र चौधरी, कमल दुबे, देवेंद्र बिजलीकर, रामपाल आदि मौजूद थे।

## छात्रा सुगंधा ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के समर स्कूल में की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की स्नातकोत्तर कक्षा एमए तृतीय सेमेस्टर की नियमित छात्रा सुगंधा सक्सेना ने ऑक्सफोर्ड विवि इंग्लैण्ड से संबध्द एक्सीटर कॉलेज द्वारा आयोजित इंगलिश लिटरेचर समर स्कूल 2025 में हिस्सा लिया। अंग्रेजी विभाग प्रमुख डॉ. मर्सी जॉर्ज ने बताया कि महाविद्यालय के इतिहास में प्रथम बार किसी छात्रा ने अकादमिक प्रोग्राम में विदेश में हिस्सा लिया है। इससे पूर्व खिलाड़ी छात्र भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए विदेशों में आयोजित खेल स्पर्धा में हिस्सा लिया करते थे।

डॉ. जॉर्ज ने बताया कि आक्सफोर्ड में 6 से 26 जुलाई तक आयोजित समर स्कूल में छात्रा सुगंधा सक्सेना ने दो सेमीनार में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए असाइन्मेंट जमा किये। 3 सप्ताह के कोर्स के दौरान सुगंधा ने सामाजिक गतिविधियां एवं क्विज कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

## कॉलेज का समय, जीवन का महत्वपूर्ण मोड़, छात्र पढ़ाई पर ध्यान दें -ललित

दुर्ग। शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई शासकीय नवीन महाविद्याल रिसाली में आयोजित दीक्षारंभ समारोह एवं इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का पुष्पहार एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। छात्र जीवन की इस नई यात्रा पर समस्त विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कड़ी मेहनत करते रहे और अपने सपने को साकार करें। कॉलेज का समय जीवन का एक महत्वपूर्व मोड होता है जहाँ छात्रों के न केवल अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना होता है बल्कि अपने भविष्य के लिए भी योजना बनानी होती हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय अपर संचालक राजेश पांडे, प्राचार्य डॉ. अनुपमा अस्थाना, विधि यादव, राजू राकेश जंघेल, एकनाथ अनुपम साहू उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, पार्षद सोनू राजपूत, लक्ष्मीनारायण साहू हुबी लाल साहू, सुनीता चंद्राकर, लता सोनवानी विजय लक्ष्मी साहू, नीलम गड़े, मंडल उपाध्यक्ष विमला कॉमडे महामंत्री चंदू देवांगन सहित बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





## कर्मचारी नगर में रोपे गए पौधे, महापौर ने सहेजने दिलाया संकल्प

दुर्ग । सावन माह के अंतिम दिन आदर्श महिला समिति द्वारा हरेली उत्सव कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में आदर्श महिला समिति द्वारा वृक्षारोपण एवं हरेली उत्सव का आयोजन कर्मचारी नगर में इंदु ढोक अध्यक्ष आदर्श महिला समिति द्वारा किया गया। पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महापौर ने एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकार व समिति के सदस्यों व नागरिकों के साथ गुलमोहर, नीम सहित विभिन्न प्रजाति के रोपे पौधे कर्मचारी नगर मे पौधरोपण किया गया।









**विधायक ने जारी कामों का किया निरीक्षण, काम जल्द पूरा करने के निर्देश**

# शीतला सब्जी मार्केट में नहीं भरेगा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पद्मनाभपुर स्थित सब्जीमंडी में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने उन्नयन किया जा रहा है। बारिश का पानी न ठहरे इसके लिए चबूतरे की हाईट बढ़ाई जा रही है।ड्रेनेज़ सिस्टम तैयार किया जा रहा है। ताकि मार्केट में बारिश का पानी जमा न हो। इसके अलावा 19 नई दुकानों का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। मौके पर ही पार्किंग के इंतजाम होंगे, ताकि सड़क पर वाहन खड़े न हो। जारी कार्य का मंगलवार को विधायक गजेंद्र यादव ने निरीक्षण किया। मंडी बोर्ड के ईई से निर्माण से जुड़ी जानकारी ली। कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। दीपावली के पहले काम पूरा करने के लिए कहा। विधायक ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। लापरवाही बरतने पर सीधे कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि उनके पास शिकायत आएगी, तो वे सीधे कार्रवाई के लिए लिखेंगे।

■ सड़क पर खड़े होने वाले वाहन के लिए बनेगी पार्किंग

### बाजार में उपलब्ध होगी सारी बुनियादी सुविधाएं, दिए निर्देश

पिछले करीब 10 साल में यह बाजार तेजी से विकसित हुआ है। बाजार में 100 से ज्यादा दुकानें संचालित हो रही हैं। सब्जी मार्केट के अलावा अन्य दुकानें भी लगने लगी है। इसके अलावा सड़क किनारे सीजनेबल सामानों की दुकानें भी लगाई जा रही है। इसे देखते हुए इस जगह पर बुनियादी सुविधाएं विकसित की जा रही है। व्यापारियों ने बताया की सब्जी मंडी में निकासी नाली नीचे होने के कारण बारिश का पानी भर जाता है। जलभराव की समस्या कई सालों से बनी हुई है, जिसे कई बार जनप्रतिनिधियों को बताया गया। अब जाकर इस समस्या के निराकरण की दिशा में काम शुरू किया गया है।



### 19 नई दुकानें बनेंगी, ड्रेनेज़ सिस्टम भी डेवलप किया जाएगा, ताकि पानी जमा न हो

वार्ड 29 अंतर्गत मां शीतला सब्जी मंडी में हो रहे उन्नय कार्य में बारिश का पानी न ठहरे इसके लिए ड्रेनेज़ सिस्टम बन रहा है। बाजार के भीतर वर्तमान में पसरा के हाईट ऊंचाई को करीब ढाई फिट ऊपर किया जायेगा। 1करोड़ 70 लाख की राशि से होने वाले कार्य में बाजार के किनारे 19 दुकान भी बनेंगे। मंडी बोर्ड के इंजीनियर ने बताया की बाजार आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग एरिया भी होगा। बड़ा प्रवेश द्वार, साइन बोर्ड गर्मी से राहत देने वेंटीलेशन रहेगा इसके अलावा सब्जी मंडी से भारी मात्रा में निकलने वाले वेस्टेज के लिए कम्पोज्ड टैंक भी बनाया जाएगा। नये बनने वाले दुकानो से यहां का व्यापार भी बढ़ेगा। निरीक्षण के दौरान पार्षद मनीष कोठारी, संजय अग्रवाल, लीलाधर पाल, विनोद चंद्राकर, रामजी यादव, मंडी बोर्ड के सहायक अभियंता प्रवीण पाण्डेय, उप अभियंता योगिता जायसवाल, राहुल पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### नकली सीमेंट मामले में सख्त कार्रवाई की मांग

**निकुम।** गुण्डरदेही के मोहंदी पाट के गब्दी में संचालित फर्म से कई महीनों से नकली सीमेंट के मिलावटी सीमेंट में अल्ट्राटेक कंपनी की शिकायत पर पुलिस प्रशासन ने 584 बैग और दूसरी बार 1900 बैग सीमेंट जब्त की है। उक्त फर्म का कर्मचारी दीपेश देवांगन जेल में है। अल्ट्राटेक कंपनी की शिकायत पर विजय चंद्रधर के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 63,65 और बीएस की धारा 318 ,4 के तहत अपराध दर्ज कर जुडिशनल पर जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र क्रमांक 5 के जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने बताया कि नकली सीमेंट की शिकायत पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल से की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस गंभीरता पूर्वक जांच कर आरोपियों पर कार्य वाही करे। इस घटना को लेकर जनाक्रोश हैं।

### पाटन के वार्ड 4 में बनेगी सीसी रोड, हुआ भूमिपूजन



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन के वार्ड क्रमांक 4 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया। सीसी रोड बनने से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा होगी और जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष निशा सोनी, वार्ड पार्षद एवम सभापति नेहा बाबा वर्मा, लोक निर्माण प्रभारी केवल देवांगन, सभापति जितेन्द्र निर्मलकर, देवेन्द्र ठाकुर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारीगण आदि की उपस्थिति रही।

## निधन

### छन्नू लाल यादव

**निकुम।** ग्राम निकुम निवासी सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी छन्नू लाल यादव 80वर्ष का निधन 5 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम मुक्तिधाम में किया गया। वे एडवोकेट दीपनारायण यादव व गोपी यादव के पिता थे।



### संस्कार ठाकुर

**सेलूद।** ग्राम कानाकोट निवासी अजयसिंह ठाकुर के पुत्र संस्कार ठाकुर 16 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अगस्त बुधवार को सुबह 11 बजे कानाकोट के मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनके निधन पर सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, अजय बघेल, निर्मल जैन, प्रकाश चंद्राकर, अनूप चंद्राकर, सुनील वर्मा, राजेश वर्मा ग्राम परिवार के लोगों ने शोक जताया हैं।



## किसान खेत पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# किसानों को सिर्फ पंजीकृत डीलरों से ही कीटनाशक खरीदने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा ब्लॉक के ग्राम जाताघर्रा में दलहनी फसलों पर आधारित ₹किसान खेत पाठशाला₹ प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। इसका शुभारंभ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के अंतर्गत कार्यरत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रायपुर के सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. आशीष जायसवाल एवं वैज्ञानिक सहायक कन्हैयालाल मीणा ने किया।

इस अवसर पर ग्राम जाताघर्रा में सरपंच बिटावन बाई , उप सरपंच उत्तम कुमार पटेल एवं किसान मित्र पीला राम मानिकपुरी के साथ साथ ग्रामीण कृषक जन कार्यक्रम का आयोजन राज्य के कर्मचारी ग्रामीण कृषि अधिकारी युगांत बघेल की सक्रिय भागीदारी रही। डॉ. जायसवाल एवं कन्हैयालाल मीणा ने इस दौरान किसानों को कीटनाशकों के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए यह सलाह दी कि वे केवल पंजीकृत डीलरों से ही कीटनाशक खरीदें और लेबल, बैच नंबर, पंजीकरण संख्या, निर्माता का नाम व समाप्ति तिथि जैसे आवश्यक विवरणों की जांच अवश्य करें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल 14 सप्ताह तक प्रत्येक सप्ताह एक दिन आयोजित किया जाएगा, जिसमें किसानों को फसलों में लगने वाले कीटों व रोगों की पहचान, उनके प्रभावी प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन की सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी।

**14 सप्ताह तक जारी रहेगा किसानों के लिए प्रशिक्षण**



## नशा और तलाक के बढ़ते मामलों से कुर्मी समाज चिंतित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज द्वारा ग्राम इकाई का बैठक मोहभट्ठा में आयोजित किया। बैठक में ग्राम इकाई को मजबूत करने की बात कही। राज प्रधान युगल आडिल ने कहा कि हमारा समाज आज हर क्षेत्र में काम कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग के अलावा गरीब परिवार के बच्चों की शादी में सहयोग के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलते हुए सामाजिक ढांचे को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। इकाई बैठक में राजप्रधान युगल आडिल ने बताया कि रायपुर में आयोजित महा अधिवेशन में फ्री वेडिंग सूट को पूर्णता बंद कर दिया गया है, साथ ही साथ वार्षिक अनिवार्य चंदा में नियमों को परिवर्तित करते हुए नया प्रस्ताव पारित किया गया। राज प्रधान और केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक साथ कराए जाने का प्रस्ताव केंद्र द्वारा पारित किया गया। हम सभी स्व जातियों को महाधिवेशन द्वारा पारित नियमों का पालन करते हुए समाज को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। समाज के युवाओं में नशापान की बढ़ती प्रवृत्ती और तलाक के बढ़ते प्रकरण पर चिंता व्यक्त किया। ग्राम प्रमुख रामानंद वर्मा ने बताया कि हमारे यहां बीच-बीच में ग्राम इकाई का बैठक होते रहता है। शादी या अन्य समाजिक कार्य के लिए भवन विस्तारीकरण के अलावा कुर्मी भवन के विस्तारीकरण के लिए प्रस्तावित जमीन को समतलिकरण करने की आवश्यकता है जिसके लिए उस क्षेत्र के जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर से राशि की मांग की गई। समाजिक पदाधिकारियों की मांग को पूरा करते हुए 80 हजार की स्वीकृति जनपद सदस्य द्वारा प्रदान की। कुर्मी सामुदायिक भवन की मांग को लेकर दुर्ग सांसद विजय बघेल और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मांग करने समाजिक प्रतिनिधि मंडल मुलाक़ात करेगा। बैठक में युवाध्यक्ष राकेश आडिल, ग्राम प्रमुख रामानंद वर्मा, सचिव केदार नायक , जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, उमाकां, चेला राम बघेल, चेला राम बंछोर, यशवंत बंछोर, रूपराम बंछोर, मोहन बंछोर, युवराज नायक, युगल किशोर नायक, देवेंद्र वर्मा, रोशन वर्मा, रामाधार वर्मा, हितेंद्र वर्मा, चम्पा वर्मा, लोकेश वर्मा, मोहन, रूपेंद्र वर्मा, शेषनारायण वर्मा, रामकुमार बंछोर, खुमान बघेल, गोपाल बघेल, घनश्याम बघेल आदि उपस्थित थे।

■ **मनवा कुर्मी समाज ग्राम इकाई मोहभट्ठा के बैठक में पहुंचे राज प्रधान युगल आडिल**

# बिजली बिल हाफ मामले में भाजपा की धोखेबाज़ी हुई उजागर: केशव हरमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्रम कल्याण मंडल उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख ने छतीसगढ़ शासन द्वारा बिजली बिला के संबंध में लिए गए निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल में 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल की राशि को आधा किए जाने हेतु दिशा-निर्देश से जारी की गई है। जिसमें राज्य शासन, एतद् दुद्वारा, घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत देयकों में राहत (हाफ बिजली बिल) योजना के तहत प्रतिमाह 400 यूनिट की सीमा को परिवर्तित कर प्रतिमाह केवल 100 यूनिट तक की खपत करने वाले पात्र उपभोक्ताओं को योजना का छूट देने का निर्णय लिया गया है। श्री हरमुख ने बतया की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सभी उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिल रहा था, जिससे आम जनता को सीधी आर्थिक राहत मिलती थी। वर्तमान भाजपा सरकार ने इस जनहितकारी योजना में संशोधन करते हुए अब सिर्फ 100 यूनिट तक ही हाफ योजना का लाभ देने का आदेश पारित किया है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं कांग्रेस सरकार में यदि कोई उपभोक्ता 400 यूनिट से अधिक बिजली की खपत करता था, तब भी पहले 400 यूनिट पर छूट मिलती थी। लेकिन भाजपा सरकार के नए आदेशानुसार, यदि उपयोग 100 यूनिट से एक भी यूनिट अधिक उपयोग करती है तो पूरे बिल पर कोई भी छूट नहीं मिलेगी।



उन्होंने आगे कहा कि अब भाजपा सरकार इस संशोधित योजना को छुपाकर, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार करेगी.. जबकि सच्चाई यह है कि यह योजना गरीबों को नहीं, बल्कि सोलर पैनल निर्माता उद्योगपतियों और भाजपा से जुड़े ठेकेदारों को सीधा लाभ पहुँचाने का जरिया बन रही है।

## उत्साह व सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए हुआ रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

अथर्व महाविद्यालय धनोरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर उत्साह और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य रक्त की आवश्यकता की पूर्ति के लिए जनजागरुकता बढ़ाना और युवा वर्ग को मानवीय सेवाओं के लिए प्रेरित करना रहा। शिविर की शुरुआत सुबह 10 बजे हुआ। इस अवसर पर विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, सरस्वती बंजारे अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, श्रद्धा साहू, सभापति जिला पंचायत दुर्ग, रूलेश्वरी चंद्रशेखर बंजारे, चंद्रशेखर बंजारे पूर्व जनपद अध्यक्ष सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा, दुर्ग, खिलावन प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, डॉ. भारती साहू निदेशक अथर्व महाविद्यालय, निकेश साह, गजेंद्र कुमार साहू, हिरेन्द्र कुमार क्षत्रिय, सूरज साहू संयोजक रेड ड्रॉप फाउंडेशन, राम कुमार साहू, सह सचिव भिलाई जिला साहू संघ आकाश पाल, जिला अस्पताल दुर्ग की ब्लड बैंक टीम एवं डॉक्टरगण, महाविद्यालय के समस्त शिक्षकीय एवं अशैक्षिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। ब्लड बैंक, जिला अस्पताल दुर्ग की टीम द्वारा रक्त संग्रहण की संपूर्ण प्रक्रिया कुशलता से संपन्न कराई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर सेवा, दया और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल प्रस्तुत की।

■ **शिविर में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने किया रक्तदान**



## विदेश में बसे दो भाई उतई में करवा रहे श्रीमद भागवत कथा



**उतई।** हथखोज पारा उतई में अपने दादा-दादी के संकल्प को पूरा करने और माता पिता की आज्ञा को पालन करते हुए ब्रिटेन और अमेरिका से दो भाईयों ने यहां श्रीमद भागवत कथा महापुराण यज्ञ का आयोजन किया है। लंदन में साफ्टवेयर इंजीनियर विकास वर्मा एवं अमेरिका में निवासरत उनके छोटे भाई ने यहां 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा है। मंगलवार 5 अगस्त को कथा व्यास संतोष अवस्थी चंद्र नगर उमरपोटी के सानिध्य में कलश यात्रा गोकर्ण कथा के साथ श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ हुई। बुधवार को अवतारों की कथा शुकपरिक्षित संवाद हुआ। आगे 7 अगस्त को वर्णन शिव चरित्र शिव विवाह, 08 अगस्त को ध्रुव चरित्र, जड़ भारत प्रसंग प्रहलाद चरित्र 09 अगस्त को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन श्री कृष्ण अवतार,10 अगस्त को गोकुल लीला दही लूट, 11 अगस्त को वृंदावन लीला रुखमणी विवाह,12 को सुदामा चरित्र परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा,13 अगस्त को गीता हवन, पूर्णाहुति भोजन प्रसादी के साथ समापन होगा। भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से चल रही है।



### सांकरा में लाखों के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सांकरा में लोधी समाज सामुदायिक भवन में बाउंड्री वाल और निषाद समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। जहां कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता संजय बघेल ,जिला पंचायत सभापति नीलम राजेश, जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर,पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर,जनपद सदस्य सीता निषाद सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक और राजेश चंद्राकर की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल के छोटे भाई संजय बघेल ने कहा कि आने वाले पांच साल में पाटन क्षेत्र में विकास की एक बड़ी सौगात मिलने वाली है लगातार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में विकास की एक नई रूपेखा तैयार की जा रही है। इस अवसर सांकरा सरपंच रवि सिंगौर, उप सरपंच राम शरण बंधे पूर्व सरपंच यशवंत जांगड़े, झीट सरपंच राजू साहू,भाजपा नेता अजीत ठाकुर, पंचगण, संजय सिंगौर, तुलाराम सिंगौर, महेंद्र पारधी, दीपक सिंगौर, ईश्वरी सिंगौर,कविता सिंगौर, शुभम जांगड़े, चंदन सिंगौर सहित कामता सिंगौर, गोलू सिंगौर आदि उपस्थित थे।




## गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर जुटे विद्वतजन

# माता कौशल्या का मंदिर अगले साल होगा पूर्ण: बालकदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गोस्वामी तुलसीदास जयंती का बृहद आयोजन 9 ग्राम के मानस मंडली देवरी(ख), अर्जुनी, चीचा, खप्पर वाडा, भरदा, सकरौद, तमोरा, डगनिया, नाहंदा, के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम देवरी (ख) में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राम बालक दास महाराज त्यागी कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम थे। अध्यक्षता तुलसी मानस प्रतिष्ठा के प्रांत अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने की। विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, भाजपा मंडल के अध्यक्ष कुलदीप साहू , जनपद सदस्य गुलशन हिरवानी, ग्राम सरपंच कुसुम प्रमोद देशमुख , मंडल कार्यकारणी सदस्य पुखराज निर्मलकर, प्रमोद देशमुख , तामेश्वर साहू,कवि दिनेश्वर चंद्राकर ,मणि निषाद हेमंत साहू, हिंछा राम ठाकुर,कौशल्या दूत केशव राम साहू, शहिद दुर्वासा लाल निषाद के पिता मुनीराम निषाद, मानस मर्मज्ञ त्रेता चंद्राकर, लीलार सिन्हा, बलराम साहू, पूर्व सरपंच खिलेन्द्र कुमार साहू, शिव कुमार गायकवाड, उपस्थित रहे। इस अवसर पर राम बालक दास महाराज त्यागी ने बताया कि कौशल्या मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर है ,केवल शिखर बनना शेष है ,2026 में मां कौशल्या अपने पुत्र राम को बाल रूप में गोदी में लेकर विराजमान होगी। भगवान राम का मंदिर तो सभी जगह पर है लेकिन उसे जन्म देने वाली मां काअद्वितीय मंदिर पाटेश्वर में होगा। अध्यक्षता कर रहे जगदीश देशमुख ने कहा कि माता कौशल्या का मंदिर छत्तीसगढ़ वासियों के लिए गौरव की अनुभूति है, जो पूर्ण परमात्मा श्री राम एवं तुलसीदास के आराध्य के प्रति अनन्य समर्पण सम्मान का भाव प्रदर्शित करेगा।आयोजन में संयोजक के रूप में भेलसिंह साहू ,ईश्वर चंद्राकर ,चाणक्य साहू, प्रवीण सोनकर ,विनय साहू, ठाकुर राम सेन, अयोध्या चंद्राकर, तेजराम साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति के रूप में प्रमोद देशमुख, नीलेश्वर द्विवेदी ,यशवंत साहू, प्रभु लाल निषाद ,सुनील साहू त्रिलोचन यादव, पीलेश्वर विश्वकर्मा, पूनम साहू, भूषण बंजारे, , तामेश्वर साहू ,भूपेंद्र निषाद, पूर्णिमा साहू ,सोमेश्वरी, पुष्पा मिश्रा आदि की भूमिका रही, छोटी बच्चियों द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। ग्रामवासी श्रद्धा भाव से आयोजन में जुटे रहे।



# बीएसपी ने वित्त वर्ष के प्रथम 4 माह में उत्पादन के अनेक कीर्तिमान रचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई


भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 के प्रथम तिमाही और प्रथम 4 माह (अप्रैल से जुलाई) की अवधि में उत्पादन के श्रेष्ठ कीर्तिमान स्थापित किए है। संयंत्र ने अपने उत्पादन के तीनों प्रमुख उत्पादों हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील के उत्पादन में नए कीर्तिमान दर्ज करते हुए विगत वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के स्थापित कीर्तिमानों को पीछे छोड़ दिया है।

चार माह में कुल 20,19,569 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया है। क्रूड स्टील के उत्पादन में संयंत्र ने 19,53,432 टन उत्पादन कर, वित्त वर्ष 2023-24 के 18,90,480.43 टन को पीछे छोड़ा। बाजार में उपभोक्ताओं की मांग को ध्यान में रखते हुए संयंत्र ने विक्रेय इस्पात का इन 4 माहों में 17,41,597.51 टन का उत्पादन किया है।

ब्लास्ट फर्नेस-08 से 9,88,423 टन हॉट मेटल को रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया गया है। वहीं एसएमएस 3 एसएमएस-3 ने कास्ट स्टील का उत्पादन 11,84,649 का दर्ज किया है। इसके साथ ही एसएमएस-3 ने बिलेट उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 8,31,932 टन बिलेट का रिकार्ड उत्पादन दर्ज किया है।

### बिलेट ओर कास्ट स्टील का भी रिकार्ड





### रोलिंग मिलों ने रचा कीर्तिमान

रोलिंग मिलों ने भी इस अप्रैल से जुलाई के दौरान बेहतर निष्पादन दर्ज किया है। संयंत्र की बीआरएम ने 3,56,193 टन का उत्पादन दर्ज किया जो विगत वित्त वर्ष 2024-25 के 3,25,579 टन से अधिक है। रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने लांग रेल के उत्पादन में उल्लेखनीय योगदान देते हुए 60,003 टन लंबी रेलपांतों का उत्पादन किया है। यूआरएम प्रथम चार माह में 4 उल्लेखनीय उत्पादों में रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप



### शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि

**भिलाई।** रिसाली सेक्टर के एकता मंच में छत्तीसगढ मातृशक्ति संगठन द्वारा स्व. शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। संगठन ने कहा शिबू सोरेन झारखंड की धरती के महान जननायक हुए... झारखंड की धरती व लोगों की सुरक्षा, जमीन व अधिकारों की सुरक्षा करना सोरेन की पहली प्राथमिकता थी, उनके त्याग समर्पण व नेतृत्व को झारखंड के लोगो ने दिशोम गूरु की उपाधि दी। उन्हें 'संथाल नवयुवक संघ' और झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की जिसका उद्देश्य झारखंड की जमीनों की सुरक्षा करना था। श्रद्धांजलि सभा में राजेन्द्र परगनिया ,पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, विनय नेताम, अश्लेष मरावी, चन्द्रकला तारम, कीर्ति ठाकुर, निर्मला चतुर्वेदी, ममता वर्मा, अन्नू जांगड़े आदि उपस्थित हुए।

### याद ए रफी का आयोजन

**दुर्ग।** तकियापारा, मुस्लिम सराय में याद ए रफी का आयोजन किया गया। द वाइस आफ दुर्ग सिटी, रफी फाउंडेशन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के गायकों संजय लारोकर, आईएम खान, प्रकाश सोनी, अलीम कुरैशी, रमेश पांडे, गौरव ठाकुर, राजेश शर्मा, आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। श्रोताओं व गायकों ने देर रात तक संगीत का आनंद लिया। कार्यक्रम में रत्ना नारमदेव, गुरमीत धनई, अबरार पवार, संजय दुबे, संजय घाटे, अजय प्रीति बेहरा, हाजी मिर्जा साजिद, मतीन भाई, आनंद सिंह, मुश्ताक, युसुफ शरीफ आदि मौजूद थे। रफी फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय लारोकर ने आभार प्रकट किया।

### बीएससी नर्सिंग परीक्षा में कोमल अव्वल

**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार निवासी



कोमल दहिया पिता संजय दहिया ने छत्तीसगढ़ व्यापम बीएससी नर्सिंग की परीक्षा में 99.99 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में अपना नाम रोशन किया। कोमल शुरू से ही पढ़ाई लिखाई में मेधावी छात्रा रही है। प्रदेश में अव्वल आने पर परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

### मुद्दों को लेकर सियासत : पिछले चुनाव में दिल्ली चलो का हुआ था आह्वान

# यूनियन चुनाव पूर्व फिर एनजेसीएस बनाम नान एनजेसीएस में शुरू हुई जनाधार बढ़ाने की रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

*बीएसपी के मान्यता यूनियन चुनाव के पूर्व एक बार फिर एनजेसीएस बनाम नान एनजेसीएस यूनियन की जद्दोजहद दिखाई दे रही है। दोनों ही सदस्य कर्मचारियों के बीच उनकी समस्याओं को लेकर जनाधार बढ़ाने की कवायद में जुटी हुई हैं। गैर एनजेसीएस यूनियनों का मानना है कि एनजेसीएस श्रमिक संगठन कर्मियों की समस्याओं का निदान नहीं कर पा रहे हैं वहीं एनजेसीएस यूनियनें उन्हेंजनाधार विहीन बता रही हैं।*

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मान्यता यूनियन के लिए चुनाव होना है। यूनियनें अक्टूबर या नवंबर माह के अंत में चुनाव मानकर तैयारी में जुट गई है। चुनाव के लिए एएलसी ने सभी यूनियनों से सदस्यता आदि विषयों पर दस्तावेज मंगाए हैं।


अब तक सिर्फ दो यूनियनों ने डाक्यमेंट्स जमा किए हैं। एलसी (उप श्रमायुक्क केंद्रीय )के अलावा बीएसपी प्रबंधन में तैयारी को लेकर महीनेभर पूर्व बैठक ले चुका है। इस दौरान यूनियनों ने वर्क्स व नान वर्क्स एरिया में कर्मियों से जनाधार बढ़ाने संपर्क व उनके मुद्दों को लेकर प्रबंधन से मिलना तेज कर दिया है। पिछले चुनाव की तरह इस बार भी चुनाव के पूर्व गैर एनजेसीएस यूनियन यानी लोकल यूनियनें एनजेसीएस यूनियनों को कटखरे में खड़ी कर रही हैं। उनका कहना है कि एनजेसीएस यूनियनों की उदासीनता से सेलकर्मियों का वेतन समझौता अब तक अपूर्ण है। 39 महीने का एरियर्स और भत्ते का भुगतान नहीं हुआ है।

केंद्रीय यूनियनें सिर्फ दिल्ली बैठक में जाकर टीए पका रही हैं। वहीं एनजेसीएस यूनियनों का कहना है कि हर बार चुनाव पूर्व कुछ नान एनजेसीएस यूनियनें इस तरह का आरोप लगाकर हो माहौल बनाने का प्रयास करती हैं। हकीकत है यह है कि इनका सदस्यों में जनाधार एक दो परसेंट से अधिक नहीं हैं। पिछले पचास साल में सेल कर्मियों के हितों में जो भी काम हुए सभी में एनजेसीएस का योगदान है।

### खास बातें

- पिछले चुनाव के पूर्व बीडब्ल्यूयू के बैनर तले नान एनजेसीएस यूनियनों को दिल्ली में लामबंद करने की हुई थी कवायद
- मान्यता यूनियन चुनाव में नहीं बढ़ा जनाधार
- पिछले 50 साल में कर्मियों के हितों की उपलब्धि का एनजेसीएस यूनियनें ले रही श्रेय

### अब तक अधूरा है हजारों सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता



### पिछले चुनाव में भी नान एजेसीएसी की गोलबंदी का प्रयास

वर्ष 2022-23 में हुए मान्यता यूनियन चुनाव में भी गैर एनजेसीएस यूनियनों को गोलबंद करने की कोशिश हुई थी। कर्मियों के मुद्दों पर बीएसपी वर्कर्स यूनियन बीडब्ल्यूयू ने गैर एनजेसीएस यूनियनों को दिल्ली चलो का आह्वान देकर सांसद के माध्यम से केंद्रीय मंत्री से मिलवाया था। लेकिन सिर्फ दो एनजेसीएस यूनियन ही शामिल हो पाई। वहीं जब चुनाव हुआ तो बीडब्ल्यूयू सहित अन्य 7 गैर एनजेसीएस यूनियनें एनजेसीएस यूनयनों से जनाधार में बहुत पीछे रही थीं। आईडी एक्ट के तहत हुए पिछले चार चुनाव में एक भी नान एनजेसीएस यूनियन जीत नहीं पाई है। दो बार सीटू, एक बार इंटक व भिलाई इस्पात मजदूर संघ संबद्ध बीएमएस चुनाव जीती है। आगामी चुनाव में सभी यूनियनें जनाधार बढ़ाने की कवायद में जुट गई हैं।

### दर्जनभर यूनियनें चुनाव में लेंगी भाग

बीएसपी के मान्यता यूनियन चुनाव में दर्जनभर यूनियनों को भाग लेना हैं। वर्तमान में कोई यूनियन मान्यता में नहीं है। पिछला चुनाव जीतने वाली यूनियन बीएसमएस का कार्यकाल छह माह पूर्व खत्म हो चुका है। इस साल चुनाव में पांच एनजेसीएस यूनियनें और सात नान एनजेसीएस यूनियनें भाग लेंगीं। एनजेसीएस यूनियन इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, बीएमएस व गैर एनजेसीएस यूनियन एक्टू, लोईमू, बीडब्ल्यूयू, स्टील वर्कर्स यूनियन,श्रमिक इस्पात मंच, बीएकेएस (भिलाई अनाधिशासी संघ) भाग लेंगी। अब तक दो बार सीटू, एक बार इंटक व एक मर्तबा भिलाई इस्पात श्रमिक मंच चुनाव जीत चुकी है यानी सर्वाधिक सदस्यता हासिल कर मान्यता हासिल कर चुकी है।

### कर्मियों के मुद्दे अटकने व चुनाव लेट से असंतोष

बीएसपी सहित सेल कर्मचारियों के कई बड़े मुद्दे लंबित होने और कार्यकाल खत्म होने के बाद महीनों बाद भी चुनाव नहीं होने से यूनियनों व कर्मियों में असंतोष है। अब तक सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता अपूर्ण है। 39 महीने का एरियर्स नहीं मिला है और भत्ते आदि का भुगतान भी लंबित है। इससे कर्मियों को 4 से 5 लाख का नुकसान हो रहा है। वहीं यहां चुनाव नहीं होने से प्रबंधन कर्मियों की समस्यों को लेकर यूनियनों को तवज्जो नहीं दे रहा है। इसकी वजह प्रतिनिधि यूनियन का नहीं होना है। चुनाव में लेटलतीफी से भी से यूनियनें क्षुब्ध हैं। बीएसपी कर्मियों की कई समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है। सभी यूनियनें मुद्दों को लेकर अलग-अलग प्रबंधन से मिलकर मांगें पूर्ण होने आश्वासन का दावा करती है लेकिन समस्याओं का निदान होता नहीं देख रहा है।

# पीलिया: बीएसपी कर रहा निगरानी, लिया सैंपल



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

पीलिया के फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र का नगर सेवाएं विभाग द्वारा दो दिन से कैम्प क्षेत्र के संयंत्र के अधिनस्थ एरिया की सतत निगरानी की जा रही हैं। 4 और 5 अगस्त को नगर सेवाएं विभाग के पीएच के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने घर-घर जाकर दौरा किया और जानकारी एकत्र की।

- सीवरेज चेंबर व बैकलेन में है कब्जे, पीएचई को सफाई में दिक्कत

नगर सेवा विभाग ने 4 अगस्त को टाटा लाइन क्षेत्र कैंप - 2 का दौरा किया और पीलिया, गंदे और पीले पानी आने के बारे में जानकारी ली। 5 अगस्त को भी विभागय टीम टाटा लाइन कैंप - 2 क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया।

बीएसपी के एरिया में आने वाले कैंप क्षेत्र में स्थित मेंटेनेंस ऑफिस में गंदा पानी मिलने की कोई भी शिकायत दर्ज नहीं है। पीएचडी लगातार दो दिनों से कैंप क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं तथा इस क्षेत्र में निगरानी रख रहे हैं। बीएसपी प्रबंधन के द्वारा बनाए गए टाटा लाइन कैंप - 2 एरिया में मकान के पीछे बैक लाइन में अधिकांश जगह लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। बीएसपी मकानों के आसपास छोड़े गए खाली जगहों पर अवैध रूप से अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया हैं। सीवरेज चैंबर और पीने की पाइप लाइन के ऊपर भी अतिरिक्त निर्माण कर रखा गया है। इससे सीवरेज चैंबर, पीने के पाइप लाइन की मरम्मत तथा बैकलेन की सफाई में पीएचई विभाग को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैकलेन में अतिक्रमण के बावजूद भी सीवरेज लाइन की सफाई नियमित रूप से की जा रही है।

टाटा लाइन एरिया में बीएसपी के अलावा नगर निगम द्वारा भी पानी की सप्लाई की जाती है। उस एरिया में कई आवासधारियों द्वारा बोरवेल के माध्यम से भी पीने का पानी का उपयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में विभाग द्वारा बीएसपी के आवासों के पानी का सैंपल जांच के लिए लिया जा रहा है।

# 10 हजार बहनों ने विधायक सेन को बांधी राखी, दिए गए उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा के लोकांगन परिसर में मंगलवार की शाम राखी महोत्सव की जमकर धूम रही। हजारों बहनों ने जहां अपने विधायक रिकेश को राखी बांधी।

वहीं उनके साथ काफी देर तक म्यूजिक की धुन पर डांस भी किया। शाम 5 बजे से रक्षाबंधन का यह महोत्सव रात्रि 9 बजे तक चलता रहा। विधायक सेन ने इस दौरान महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक संबलता के लिए चल रही शासकीय योजनाओं की जानकारी दी बल्कि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में बालिकाओं को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। उन्होंने बहनों के स्व रोजगार के लिए हमेशा की तरह हर संभव सहायता का भी संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों में वैशाली नगर विधानसभा के विकास को लेकर दिन-रात चिंता करते हुए मैंने कांग्रेस सरकार में पिछले 5 वर्षों से उपेक्षित वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र को हर मामले में आगे ले जाने का प्रयास किया है। कई कार्य हम सभी को दिखाई देने लगे हैं और बहुत से अभी होने हैं, आने वाले एक दो वर्षों के भीतर जब अधिकांश कार्य मूर्त रूप ले चुके होंगे तो हम छत्तीसगढ़ की सबसे उत्तम और विकसित विधानसभा के रूप में वैशाली नगर को देखेंगे। यहां की जनता ने जिस प्रेम और विश्वास से मुझे हमेशा आगे बढ़ाया है उतनी ही शिद्दत से मैं लगातार कार्य करता रहूंगा। लगभग 30 वर्षों की राजनीति में मैं जनप्रतिनिधि के रूप में जिस भी जिम्मेदारी में रहा सदैव मैंने अपने क्षेत्र के लोगों को परिवार मान कर अपनत्व भाव से कार्य किया है। हर वर्ष हजारों बहनें मुझे राखी बांधती रही हैं। रक्षा बंधन का अर्थ है सुरक्षा का बंधन या सुरक्षा का धागा। यह एक ऐसा त्योहार है जो भाई-बहन के बीच प्रेम और सुरक्षा के रिश्ते का प्रतीक है।



- वैशाली नगर की जनता से मेरा पारिवारिक रिश्ता : रिकेश

# गोलीकांड का आरोपी सालभर से था फरार, पता चला दूसरे मामले में जेल में बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

आपसी रंजिश के कारण गोली चलाकर प्राणघातक हमला करने के एक मामले में पिछले करीब 1 साल से फरार आरोपी केंद्रीय जेल दुर्ग में बंद मिला। वह एक अन्य मामले में निरुद्ध था। जानकारी के बाद पुलिस ने लीगल प्रक्रिया कर फरार चल रहे आरोपी रविशंकर पिता स्व नंदकुमार यादव उम्र 37 वर्ष निवासी विवेकानंद नगर जामुल को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2024 की है। हत्या की नीयत से आरोपियों ने पिस्तौल से ओम प्रकाश राय पिता राम प्रकाश राय उम्र 55 वर्ष निवासी लक्ष्मी नगर सुपेला पर गोली चलाई थी। मामले में पुलिस ने चंद्रभूषण सिंह, रोशन निषाद एवं रवि शंकर यादव को आरोपी बनाया था। चंद्रभूषण और रोशन पहले ही पकड़े जा चुके थे, लेकिन रविशंकर पुलिस रिकार्ड में फरार चल रहा था। आरोपियों के विरुद्ध सुपेला थाने में धारा 450, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज था। फरार आरोपियों की तलाश के दौरान पता चला कि वह किसी अन्य मामले में केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध है। इसके बाद विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त किया गया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है। गौरतलब हो कि सुपेला थाना क्षेत्र अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था फेल साबित हो रही है।

- 25 अप्रैल 2024 की घटना में दो आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके

# डॉक्टरों ने स्वास्थ्य संवर्धन उपायों के दिए टिप्स, नियमित करें व्यायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वावधान में सेमिनार बोन एंड जॉइंट वीक का आयोजन मंगलवार को सियान सदन, में किया गया। सेमिनार की थीम थी हाऊ टू इम्प्रूव क्वालिटी ऑफ लाइफ इन ओल्ड ऐज है।

मुख्य वक्ता दुर्ग ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. वीएस बघेल, जेएलएन हॉस्पिटल सेक्टर-9 के ऑर्थोपेडिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. रघुनंदन बिसोई तथा जिला अस्पताल दुर्ग से डॉ. विपिन जैन थे।सेमिनार में 40 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने भागीदारी निभाई। डॉ. कल्याण साहू,सीनियर कंसलटेंट (ऑर्थोपेडिक्स) डॉ. इम्युएल मैसी, डॉ. एस घोष सहित जेएलएन चिकित्सालय की टीम की उपस्थित थी।

### बीएसपी सियान सदन में बोन एंड जॉइंट वीक स्वास्थ्य जागरुकता सेमिनार का आयोजन



### दोस्त बनाएं व व्यायाम करें

वक्ताओं ने अपने संबोधन में वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वास्थ्य-संवर्धन उपायों, नियमित स्वास्थ्य जांच, दैनिक हल्के व्यायामों एवं विशेष रूप से हड्डियों को मजबूत बनाए रखने वाले अभ्यासों पर चर्चा की। इस अवसर पर फिजियो थेरेपिस्ट डॉ. श्वेता शर्मा द्वारा व्यावहारिक व्यायाम सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने वरिष्ठजनों को सेहतमंद रहने दोस्त बनाना, नियमित सैर करना और सरल व्यायामों को दिनचर्या में शामिल करना आदि सुझाव दिए।

### राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन स्पर्धा उद्घाटित

# महिला वर्ग में कबीरधाम ने रायपुर व पुरुष वर्ग में धमतरी ने बस्तर को हराया, 14 टीम ले रहीं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 6 अगस्त तक सेक्टर-4 स्थित बीएसपी बॉल बैडमिंटन कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद, बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष उप प्रबंधक रजी उन्नी, क्लब के सचिव डीवीएस रेड्डी, कोषाध्यक्ष श्यामल बनर्जी, महासचिव वाय राजा राव तथा नासिर खान भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए दृढ़ निश्चय और समर्पण आवश्यक है और लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने खेल के साथ शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित कर आगे बढते रहने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 18 और महिला वर्ग की 14 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक मुकाबले खेले गये। महिला वर्ग में कबीरधाम ने रायपुर को 35-9 व 35-21 से पराजित किया। महासमुंद ने गरियाबंद को 35-18 और 35-21 से हराकर जीत दर्ज की। दुर्ग और गरियाबंद के बीच हुए मुकाबले में गरियाबंद ने 35-5 और 35-17 से जीत हासिल की, वहीं धमतरी ने बलौदा बाजार को 35-22 एवं 35-37 से हराया।पुरुष वर्ग में धमतरी और बस्तर के मध्य मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच धमतरी ने 31-35, 35-28 और 35-31 से मुकाबला जीत लिया। गरियाबंद कॉरपोरेशन और रायगढ़ के बीच हुए मुकाबले में गरियाबंद कॉरपोरेशन ने 35-37, 35-29 और 26-35 से विजय प्राप्त की। एनएमडीसी और गरियाबंद जिले के बीच हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले में एनएमडीसी ने 37-35, 28-35 और 36-34 से जीत दर्ज की। महासमुंद ने बलौदा बाजार को 33-35, 35-12 और 35-25 से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति के आधार पर खेली जा रही है।



### ज्ञान से संगठन की प्रगति में योगदान



**भिलाई।** बीएसपी के भिलाई निवास में मंगलवार को सेल स्तरीय मैनेजमेंट और बिजनेस क्विज़ (एमबीक्यू) शुरु हुई। दो दिवसीय प्रतियोगिता बीएसपी के मानव संसाधन, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग (एचआर एलएंडडी) द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के तीन प्रमुख वर्ग सक्षम, समर्थ और समृद्धि के अंतर्गत सेल की विभिन्न इकाइयों से 34 दो-सदस्यीय टीमें भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने प्रतियोगिता शुरु की। सीजीएम संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता सहित अन्य वरिष्ठ उपस्थित थे।क्विज़ सत्रों का संचालन क्विज़ मास्टर्स पैनल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पूर्व हेड उमेश कामथ, पूर्व ईडी सेल एसपीएस जग्गी, तथा पूर्व जीएम बीएसपी जेकब कुरियन शामिल हैं।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



अखिल भारतीय आमंत्रण बास्केटबॉल का चैंपियनशिप खिताब छत्तीसगढ़ ने जीता

## लाइव इवेंट

### सावन महोत्सव में हरियाली व जल संरक्षण का दिया संदेश



**भिलाई।** देवांगन परमार्थ सेवा समिति द्वारा सावन एवं तीज महोत्सव का आयोजन श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण रामनगर में आयोजित किया गया। जिसमें रामनगर मंडल के अंतर्गत आने वाले 250 परिवारों की महिलाएं शामिल हुई। 7वें वर्ष के तीज मिलन महोत्सव में कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। आयोजन में सभी महिलाओं ने हरे ड्रेसअप में हरियाली और जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन कि धर्मपत्नी ऋचा सेन शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत कुल देवी मां परमेश्वरी कि पूजा-आरती राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का गान कर की गई। इस दौरान नजर का टीका प्रतियोगिता, बिस्किट खाओ, कुर्सी दौड़, बॉल फेंको और नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। तीज क्वीन प्रतियोगिता में विनर बनने सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय भी दिया। जिसमें प्रथम निधी देवांगन, द्वितीय अर्चना देवांगन, तृतीय यामिनी देवांगन विजेता रही। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने खूब एंजाय किया। अंत में सभी महिलाओं ने कर्मा, ददरिया का सामूहिक नृत्य भी किया।

इस अवसर पर दुर्ग जिला देवांगन समाज अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन और महिला अध्यक्ष कीर्ति देवांगन ने सभी महिलाओं को संगठित कर इस तरह के आयोजन करने को सराहा और महिला मंडल अध्यक्ष कुंती देवांगन ने तीजा उपवास के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही सभी महिलाओं को अपने बच्चों को संस्कार की शिक्षा देने पर जोर दिया। प्रतियोगिताओं का जजमेंट पिंकी देवांगन, जामुन देवांगन और प्रमिला देवांगन ने किया। इस दौरान महिला मंडल रामनगर की उपाध्यक्ष सारिका, ललिता देवांगन, सचिव प्रतिभा देवांगन, कोषाध्यक्ष प्रमिला देवांगन सहित रामनगर मंडल की महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित रही।

## सिटी इवेंट

### संगीत समाज और दिलों को जोड़ने का जरिया, फिल्मी तरानों से गूंजा उद्यान



**भिलाई।** संगीत और सुरों के रंग में रंगा मरोदा सेक्टर स्थित आत्मानंद उद्यान में इमर्जिंग सिंगर्स ग्रुप द्वारा पहला वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। पूरे आयोजन में फिल्मी गीतों की मधुर धुनों ने माहौल को मनमोहक बना दिया। इस दौरान दुर्ग सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल मौजूद रहीं। उन्होंने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संगीत समाज को जोड़ने और लोगों के दिलों को जोड़ने का जरिया है। विशेष अतिथियों के रूप में नगर निगम के सभापति केशव बंछोर और श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष बीडी निजामी ने भी शिरकत की। इमर्जिंग सिंगर्स ग्रुप की पहली वर्षगांठ उनके संगीत के सफर की पहली सीढ़ी थी। सामूहिक उत्सव में संगीत प्रेमी एकजुट हुए। संगीत प्रस्तुति की शुरुआत दीपेंद्र हालदार, पार्षद सीमा साहू और विकास गुरु की उपस्थिति में हुई। इसके बाद मंच पर एक के बाद एक कलाकारों ने सुरों की बारिश कर दी। नारायण स्वामी, अनुपम, राजकुमार, रंजीत, आनंद, आदित्य प्रकाश, कुलेश्वर, चंद्रपाल, कार्तिक, राम ,गोविंद, परमजीत, गजानंद और श्याम ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। महिला कलाकारों ने भी समां बांध दिया। उमा राज, संध्या, रूपाली, मधुबाला, शिल्पा, आशा, सीता, और लीना विश्वकर्मा ने फिल्मी गीतों को अपने सुरों से सजाया। उन्होंने पुराने और नए गीतों की ऐसी मधुर श्रृंखला पेश की कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के अंत में संयोजक बाल कृष्ण राव ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और दर्शकों का आभार जताते हुए कहा कि इमर्जिंग सिंगर्स ग्रुप भविष्य में भी इसी प्रकार संगीत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता रहेगा।

### गणेश पंडाल का हुआ भूमि पूजन

**दुर्ग।** गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर दक्षिण कौशल गणेश उत्सव समिति द्वारा मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर में भव्य गणेशोत्सव आयोजन की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। गणेश पंडाल स्थापना के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधिवत रूप से अभिजीत मुहूर्त में साढ़े 11 बजे भूमि पूजन पंडित द्वारा किया गया। इस दौरान समिति द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों को सम्मिलित कर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगामी 26 अगस्त से प्रारंभ हो रहे गणेश महोत्सव के लिए पंडाल में भव्य गणेश प्रतिमा विराजित की जाएगी, साथ ही दर्शनीय झांकी का भी आयोजन किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव, जिला अधिवक्ता संघ अध्यत्र नीता जैन और जिला अधिवक्ता संघ सचिव रविशंकर सिंह, संजय अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, विजय अग्रवाल, संतोष खिरोड़कर, प्रदीप चौहान, निकेश साहू, डॉ. भारती साहू, बंटी भाटिया, गोपाल शर्मा, हीरेंद्र क्षत्रिय, यशोदा चंद्राकर, सीखा चंद्राकर, तुषार चंद्राकर, लता नवघरे, धीरज शर्मा, राजू राठी, प्रवीण परगनिया, रोशन जैन, पिंकी चौहान, डॉ. ऋषिकार, अदिति खारपा, प्रेमलता ठाकुर, जीवेश चंद्राकर, सिराज एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। गणेशोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारी समिति द्वारा पूरे उत्साह के साथ शुरु कर दी गई है।



● कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दया को आयोजन के लिए दिया साधुवाद

# महादेव पर मनुष्य का विश्वास अडिग हो गया तो, भोले बाबा को बंजर भूमि को भी हरी करना ही पड़ता है : पं. प्रदीप मिश्रा



जयंती स्टेडियम मैदान सिविक सेंटर में चल रही शिवमहापुराण कथा के अंतिम दिन अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि संसार में हम किसी को नहीं बदल सकते, व्यक्ति को स्वयं बदलना पड़ता है। पिछली बार की कथा में अनेकों लोगों ने कथा पंडाल से ही शराब, सिगरेट, गुटखा, मांस सेवन आदि का त्याग करने का संकल्प लिया था। ये किसी के कहने पर नहीं हुआ, उनके अंदर कि आवाज से, शिव की भक्ति से यह संभव हुआ। पंडित प्रदीप मिश्रा ने आयोजन समिति के प्रमुख बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंग को दो वर्षों से लगातार भिलाई में शिवमहापुराण का आयोजन कर लाखों भक्तों का उद्धार करने पर बहुत बहुत साधुवाद दिया।

**भिलाई।** पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि मानव जीवन में दुख, तकलीफ, परेशानी आती रहती है, लेकिन यदि वह अपने श्रेष्ठ कर्म को छोड़ देते हैं, तो परेशानियां भी एक दिन पीछा छोड़ जाती है। मनुष्य का विश्वास अडिग हो गया तो भोले बाबा को बंजर भूमि को भी हरी करना पड़ता है। लोग दिन भर कई इल्ज़ाम लगाते रहते है, लेकिन हम तो केवल बाबा का गुणगान करते हैं। एक बात याद रखें बाबा की भक्ति के साथ साथ जमकर मेहनत करने परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है।



### कोई हमें केवल प्रेरित कर सकता है, बदलाव स्वयं से लाना होगा

पंडित मिश्रा ने कहा कि पुलिस प्रशासन हमेशा हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने, नशा करके गाड़ी मत चलाओ, वह केवल प्रेरित कर रही है। उसमें पुलिस का कोई फायदा नही है, फायदा केवल आपका है। इससे आप ही दुर्घटना से बचेंगे। जान बचेगी। गायत्री परिवार वाले हमेशा कहते हैं कि हम बदलेंगे, युग बदलेगा। लेकिन आज की दिया उल्टी चल रही है। इसी तरह यदि आप धन का, जान का नशा करके चलोगे तो एक्सीडेंट होगा ही। इसलिए इन सब का अहंकार कभी मत करो।

**दया ने सहयोगियों का जताया आभार:** आयोजन समिति के प्रमुख दया सिंह ने सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा के आयोजन में सहयोग के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों, सफाई कमचारियों, सभी वालंटियर्स, बीएसपी प्रबंधन समिति के कार्यकर्ताओं सहित सभी का आभार व्यक्त किया।



### भगवान महादेव की कृपा छत्तीसगढ़ वासियों पर बरसती रहे: सीएम साय

कथा के अंतिम दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपनी पत्नी कौशल्या देवी साय के साथ शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कथा वाचक पं. मिश्रा और व्यास पीठ से जुड़े संत जनों का छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से स्वागत एवं अभिवादन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस्पात नगरी भिलाई में विगत सात दिनों से शिव महापुराण कथा की अविरल धारा बह रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महादेव की कृपा छत्तीसगढ़ वासियों पर बरसती रहे। छत्तीसगढ़ में भगवान महादेव विभिन्न जगहों पर अलग-अलग नाम से विराजमान है। जहां पर लोग श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करते आ रहे है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 5 प्रमुख शक्तिपीठों के विकास के लिए शक्ति कॉरीडोर योजना प्रारम्भ की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन में तीर्थ पर्यटन को नई दिशा दी जा रही है।

**आयोजन में ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या देवी साय, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर भिलाई नीरज पाल, संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी सहित बड़ी संख्या में लाखों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय कुडो मार्शल आर्ट टूर्नामेंट में 350 से ज्यादा खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**भिलाई।** चौथा जिला स्तरीय कुडो टूर्नामेंट का आयोजन एकेडमी 360 ऋषभ नगर दुर्ग में किया गया था। 1 से 3 अगस्त तक आयोजित जिला स्तरीय कुडो टूर्नामेंट में धमधा, पाटन और दुर्ग जिले के लगभग 350 से ज्यादा खिलाड़ी, कोच, मैनेजर ने हिस्सा लिया। जिसमें दुर्ग शहर के खिलाड़ियों ने ओवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। द्वितीय स्थान पर धमधा ब्लॉक और तृतीय स्थान पर पाटन ब्लॉक रहा। इस प्रतियोगिता में आगामी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए टीम चयन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुडो एसोसिएशन जिला दुर्ग की अध्यक्ष अनुराधा सिंह और विशेष अतिथि आशीष सुराना उपस्थित रहे।



अनुराधा सिंह ने अपने उद्बोधन में कुडो खेल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कुडो एसोसिएशन दुर्ग मान्यता प्राप्त खेल संघ है जिसे छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 30 जून को मान्यता पत्र जारी हुआ है। जिससे खिलाड़ियों को आगे कुडो खेल की विभिन्न गतिविधियों में शासन का लाभ सीधे खिलाड़ियों को मिलेंगा। कार्यक्रम में जिला संघ की सचिव लीलिमा सोनी और कोषाध्यक्ष द्रविड़ यादव उपस्थित रहें।




### मोहम्मद रफी की याद में तुम मुझे यूं भूला ना पाओगे का आयोजन आज

**भिलाई।** शाहिद आरिफ आर्केस्ट्रा के तत्वावधान में हर साल मोहम्मद रफी की याद में कला मंदिर सिविक सेंटर में होने वाले कार्यक्रम तुम मुझे यूं भूला ना पाओगे स्वरांजलि का आयोजन आज शाम कला मंदिर में किया जाएगा।





आयोजन ग्रुप के डायरेक्टर शाहिद आरिफ ने बताया कि पिछले 24 वर्षों से शाहिद आरिफ ऑर्केस्ट्रा ग्रुप के द्वारा सुरों के बादशाह मो. रफी की पुण्यतिथि पर संगीतमय संध्या का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजन किया जायेगा। इस दौरान अंचल के जाने माने कलाकर रफी साहब के यादगार गीतों की प्रस्तुतिया देंगे।इन कलाकारों मे शाहिद आरिफ, रम्भा, सीमा, शाहीन खान, यास्मीन, जानकी रामैय्या, सपन भट्टाचार्य, के साथ म्यूजिशियन दीपांकर दास ड्रम सेट मे अपना जादू दिखायेंगे।

### एसएसपीयू का उद्देश्य बेहतर एवं मूल्यपरक शिक्षा देना है : कुलाधिपति

# चार दिवसीय दीक्षारंभ की हुई शुरुआत, विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, युवाओं को किया मोटीवेट




कार्नर न्यूज

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई द्वारा चार दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसके पहले दिन आयोजित कार्यक्रम में बीबीए और बीसीए विभाग के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आईपी मिश्रा, श्री गंगाजली एजुकेशनल सोसायटी अध्यक्ष डॉ. जया मिश्रा, डॉ. पी.बी. देशमुख, निदेशक एसएसटीसी डॉ. स्मिता सेलेट, श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.डॉ.ए.के.झा, कुलसचिव डॉ.एस.सी.तिवारी उपस्थित रहे।



### शिक्षा की नीतियों को लेकर युवा छात्रों को बारीकी से समझने की जरूरत: मिश्रा

दीक्षारंभ' के अवसर पर कुलाधिपति आई.पी. मिश्रा ने कहा कि अच्छे शिक्षण संस्थानों की उन्नति में गुरु-शिष्य की बहुत बड़ी अहम भूमिका होती है। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विश्वविद्यालयों के लिए बनी धाराओं के तहत काम करती है जो कि पूरी तरह से पारदर्शी है। अच्छे शिक्षण संस्थानों का नाम रोशन होने का एकमात्र कारण है, संस्थान का बेहतर शैक्षणिक माहौल। साथ ही वहां से पढ़ा लिखा छात्र जब तार्किक सोच के साथ-साथ अपने समाज और देश का नाम रोशन करता है, तो संस्थान को भी गर्व महसूस होता है। गुणात्मकता से ज्यादा मात्रात्मक तथ्यों पर ज्यादा ध्यान देते हैं। इसलिए बेहतर संस्थान हमेशा गुणात्मकता की ओर ज्यादा ध्यान देता है। आज देश में शिक्षा को लेकर या उसकी नीतियों को लेकर जो कुछ हो रहा है उससे देश के युवा छात्रों को बहुत बारीकी से समझने की जरूरत है। सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. जया मिश्रा ने कहा कि श्री शंकराचार्य परिवार को आने-वाले पांच वर्षों में मध्य-भारत का सबसे अग्रणी विश्वविद्यालय बनाएंगे।

### विद्या से होगा बेहतर समाज का निर्माण

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. डॉ.ए.के.झा ने अपने उद्बोधन में कहा की जिस तरह से वेद का पालन धर्म से होता है उसी तरीके से बुद्धि का पालन तर्क से होना चाहिए। विद्या का मतलब ही होता है मनुष्य से मनुष्यता को जोड़ना। इसलिए विद्या का प्रचार प्रसार जितना अधिक से अधिक होगा, उतना ही एक बेहतर समाज न निर्माण होगा। कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलेट ने कहा की छात्रों को पाठ्यक्रम के अलावा विभिन्न प्लेटफॉर्म के जरिए उनके शैक्षणिक सर्वांगीण विकास के लिए संस्था एक बेहतर काम कर रही है। ध्यानपूर्वक की गई पढ़ाई एक बेहतर जीवन जीने की कला भी सिखाती है। एसएसटीसी के निदेशक डॉ. पीबी देशमुख ने कहा कि पढ़ाई के लिए मन लगाकर पढ़ना बहुत जरूरी है। पढ़ाई में अगर मन ही नहीं लगेगा, तो छात्र पढ़ाई कैसे पर कर पाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि वह दूसरों के अनुभव से सीखने की कोशिश करता रहे। इस अवसर पर बीबीए, बीसीए विभाग के छात्राओं ने कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डॉ. गोविंद शर्मा सहित विद्यार्थियों, अभिभावकों कर्मचारियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ.परख सहगल और डॉ. सिन्धु नायर ने किया।

सिटी इवेंट

## जिले से 20 प्रतिभागियों ने दिखाया योग कौशल, मिला पुरस्कार




**भिलाई।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त नेशनल फेडरेशन योगासन भारत के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा छठवीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2025-26 बालिका वर्ग का आयोजन स्थान सीनियर क्लब एबी टाइप कॉलोनी बुधवारी चौक फ़ुटबॉल ग्राउंड के पास कोरबा छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग जिले से 20 प्रतिभागियों ने योग कौशल का प्रदर्शन किया। स्माइल योग एकेडमी स्मृति नगर भिलाई के 2 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग में आशिता सोनी ने फॉरवर्ड बेंडिंग में प्रथम स्थान व 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग में श्रेयशी शौर्या ने ट्विस्टिंग इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, नगर निगम अध्यक्ष संजू राजपूत, आशुतोष पाण्डे, गोस्वामी जयंत, विष्णु भारती, डॉ मेजर सिंह सचिव छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन, शैलेन्द्र विशी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन उपस्थित रहे।

■ 6वीं राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन

स्माइल योग संस्थान के संस्थापक इंटरनेशनल गोल्ड मैडिलिस्ट, नेशनल जज, नेशनल योग कोच पंकज यादव और उप योग कोच आलोक यादव, शेफाली सोनी, महेंद्र सोनी, रजनीश कुमार ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी। आगामी आयोजित होने वाली राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में यह विजेता खिलाड़ी अपने योग कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

● श्री जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर 4 में श्रावण उत्कल क्वीन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

# गृहणियों ने अपनी प्रतिभा का बिखेरा जलवा, सावन के गीतों व नृत्य ने बांधा समां, श्रावण उत्कल क्वीन और बेस्ट कपल का मिला खिताब

**भिलाई।** जगन्नाथ समिति के तत्वावधान में श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 में श्रावण उत्कल क्वीन प्रतियोगिता - 2025 का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्कलिय महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्ग के लिए 3 कैटेगिरी में आयोजित की गई थी। जिसमें फर्स्ट कैटेगिरी में निकिता साहू, सेकेंड कैटेगिरी मधुस्मिता दीक्षित और थर्ड कैटेगिरी में सुजाता साहू ने विजेता का खिताब जीता और श्रावण उत्कल क्वीन-2025 के ताज पर अपना कब्जा जमाया। इस अवसर पर त्रिनाथ साहू एवं सुजाता साहू को बेस्ट श्रावण कपल के रूप में भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय के पूर्व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जयश्री प्रधान, विशेष अतिथि गीतांजलि बेहेरा और डॉ सीमा मिश्र प्रमुख रुप से रहीं।निर्णायक के रूप में भरतनाट्यम कलाकार सृष्टि मन्ना, वी यशश्री और वी रम्याश्री ने अपनी उपस्थिति दी।

प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके वेशभूषा, केश विन्यास, मेकअप, भाव भंगिमा तथा उनके आत्मविश्वास के आधार पर किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से प्रतियोगिता में जलवे बिखेरे। इसके साथ ही अपने गीत संगीत गायन व नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। उपस्थित अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत तथा आभार समिति के महासचिव ने किया। इस कार्यक्रम में रश्मि नायक, रूपाली नायक, नंदनी महापात्र, संगीता स्वाईं,अंकिता साहू सहित युवा महिला सदस्यों ने विशेष योगदान दिया।



### घरेलू महिलाओं ने ऊर्जा व उत्साह लिया भाग

मुख्य अतिथि डॉ जयश्री प्रधान ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक महिला विजेता है। प्रतियोगिता में भाग लेना एक साहस का काम है। आप सभी घरेलू महिलाओं ने जिस ऊर्जा व उत्साह से इसमें भाग लिया वह निश्चित ही सराहनीय है। गीतांजलि बेहेरा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन महिलाओं के प्रतिभा को निखारने में एक मील का पत्थर साबित होंगी। डॉक्टर सीमा मिश्रा ने भी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता सत्र का संचालन महासचिव सत्यवान नायक ने किया।

### प्रतियोगिता में रहे विजेता

तीन कैटेगिरी में आयोजित सावन क्वीन प्रतियोगिता के प्रथम वर्ग में निकिता साहू, द्वितीय वर्ग में मधुस्मिता दीक्षित तथा तृतीय वर्ग में सुजाता साहू ने विजेता का खिताब जीतकर श्रावण उत्कल क्वीन-2025 के ताज पर अपना कब्जा जमाया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा ताज तथा क्वीन का शैसे पहनाकर सम्मानित किया और इन विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ग की उपविजेता श्वेता दास, सरिता बिसोई, स्वाति राऊल रही। इन्हीं वर्गों में द्वितीय उपविजेता मौमिता कुलिया, गिरिजा स्वाईं, सागरिका प्रधान बनी। अन्य उपविजेताओं में झुन्नु मोहंती, रीता महापात्र, तृषा नायक, शारदा साहू एवं वंशिका जेना शामिल रही। इसके साथ ही त्रिनाथ साहू एवं सुजाता साहू को बेस्ट श्रावण कपल के रूप में भी सम्मानित किया गया। सम्मान की कड़ी में सभी निर्णायकों के साथ साथ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शेष प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



**आयोजन में रहे शामिल:** समारोह में जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सतपथी, महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, रंजन महापात्र, बीसी बिस्वाल, प्रकाश दास, सीमांचल बेहेरा, अनाम नाहक, एस सी पात्रो, जगन्नाथ पटनायक, कवि विश्वाल, डी त्रिनाथ आदि मौजूद थे।

समाज इवेंट

## अग्निकुल क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष बने डिल्लेश्वर, महासचिव पापाराव

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ अग्निकुल क्षत्रिय समाज के हुए चुनाव में आओ मिलकर चलें पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी टी डिल्लेश्वर राव ने अपने प्रतिद्वंद्वी कामाक्षी पैनल के इसी पद के प्रत्याशी पी पापाराव को भारी मतों से पराजित कर दिया है। डिल्लेश्वर के पक्ष में 346 जबकि पापाराव को सिर्फ 210 वोट ही पड़े। सर्वाधिक मत डिल्लेश्वर को ही मिला। वहीं महासचिव पद पर कामाक्षी पैनल के बी पापाराव ने अपने विरोधी आओ मिलकर चलें के इसी पद के उम्मीदवार ए श्रीनिवास राव को 279 के मुकाबले 258 मतों के मामूली अंतर से शिकस्त दी। इस चुनाव की सबसे खास बात है कि नौ शीर्ष पदों में से सात पदों पर आओ मिलकर चलें पैनल के प्रत्याशियों ने उलटफेर करते हुए जीत का परचम लहराया है, जबकि कामाक्षी पैनल को दो पदों से ही संतोष करना पड़ा। कामाक्षी पैनल के एक और प्रत्याशी टी तुलसीराव ही उपाध्यक्ष रहे, वहीं इसी पद पर आओ मिलकर चलें के उम्मीदवार आर बालकृष्णा भी जीत गए। दूसरी ओर कोषाध्यक्ष के एक और महत्वपूर्ण पद पर आओ मिलकर चलें के प्रत्याशी टी मानेश्वर राव ने अपने प्रतिद्वंद्वी आर वासुदेव को मात दी है। मानेश्वर के पक्ष में 273 तथा वासुदेव के पक्ष में 258 मत पड़े। अन्य नतीजों के अनुसार उप कोषाध्यक्ष पद पर टी रघुनाथ राव ने पी शंकर राव को हरा दिया। रघुनाथ को 274 तथा शंकरराव को 256 वोट मिले। सह सचिव बी गणपति तथा आर जनकराम बने। सचिव डी जगपति राव अपने विरोधी टी डिल्लेश्वर राव से जीतने में सफल रहे। कार्यकारिणी सदस्यों में बी लोकनाथम, बी पवन, बी रामाराव, बी जगदीश, बी प्रकाश राव, सी बालकृष्णा, डी वेंकटराव, एन वेंकट रमना, जे अप्पाराव, एम डिल्लेश्वर राव, ए बालकृष्णा तथा डी तुलसीराव को चुना गया।





■ समाज के चुनाव में आओ मिलकर चलें पैनल का रहा दबदबा

आयोजन

## अखिल भारतीय आमंत्रण बास्केटबॉल का चैंपियनशिप खिताब छत्तीसगढ़ ने जीता



**भिलाई।** प्रथम अखिल भारतीय आमंत्रण बास्केटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में छत्तीसगढ़ ए ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को हराकर चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। यह टूर्नामेंट इंटरनेशनल बास्केटबॉल कोच स्व. राजेश पटेल तथा स्व. अनीता पटेल की स्मृति में छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से सेक्टर दो के राजेश पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ ने 72-58 के स्कोर से जीत दर्ज की। सभी टूर्नामेंट्स अंडर 17 बालिका वर्ग के लिए थे। फाइनल टूर्नामेंट में विजेता रही छत्तीसगढ़ ए टीम को 30 हजार, दूसरे स्थान पर रही हिमाचल की टीम को 20 हजार तथा तीसरे स्थान पर रही मुंबई की टीम को 10 हजार रुपए नगद इनाम दिया गया। उद्घाटन मैच में विधायक रिकेश सेन तथा समापन मैच में विधायक देवेंद्र यादव ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### छग की दिव्या ने जुटाए सबसे अधिक अंक

छत्तीसगढ़ और हिमाचल के बीच हुए फाइनल मुकाबले में फर्स्ट क्वार्टर में दोनों टीमों में कांटे की टक्कर देखने को मिली। छत्तीसगढ़ की दिव्या ने अपनी टीम के लिए 26, आरुषि वर्मा ने 25 तथा गुरुप्रीत कौर ने 20 अंक जुटाए। वहीं दूसरी तरफ हिमाचल की अंजली 20, दिया 16 एवं आरुषि 14 अंक ही जुटा पाई। सेमीफाइनल में मुंबई और छत्तीसगढ़ बी के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। मुंबई यह मुकाबला 46-42 स्कोर से जीत गई। इस मैच में छत्तीसगढ़ की श्रद्धा ने 16, ओजस्वी ने 14 तथा स्वाति ने 10 प्वाइंट्स बनाए, जबकि मुंबई की बिंदिया ने 16, सोनी और भार्गवी ने 12-12 प्वाइंट्स बनाए। हिमाचल की काव्या को मैन ऑफ द मैच, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की दिव्या रंगारी को वैल्यूएबल प्लेयर घोषित किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव जैन, इंटरनेशनल टेनिस कोच अंकित पटेल, फेंसिंग एसोसिएशन के सचिव बशीर अहमद खान, ऑलिंपिक एसोसिएशन ऑफ छग के कोषाध्यक्ष सहीराम जाखड़, बास्केटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त सचिव धीरज गोयल, साजी टी थॉमस, कोच रोहित पटेल, टी जयारेड्डी, संभागीय निदेशक कल्पना स्वामी, ऑफिसर एसोसिएशन ऑफ बीएसपी के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर तथा जिला उपाध्यक्ष गुरुचरण बग्गा मौजूद थे।

महिलाओं ने मनाया तीज उत्सव

## सांस्कृतिक प्रस्तुति में बरखा, पायल व जयश्री ने जमाया रंग, मिला सम्मान



**दुर्ग।** श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने सावन महीने में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में कई मजदेरा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गुजराती धर्मशाला में आयोजित प्रतियोगिताओं के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

इसमें बरखा चावड़ा, पायल चावड़ा, जयश्री सोलंकी की परफॉर्मेंस को बेहद पसंद किया गया। तीनों को प्रथम तीन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर सावन तीज क्वीन, हॉजी का भी आयोजन किया गया। महिलाओं ने इस दौरान खूब हंसी-ठिठोली की। सावन तीज पर एक दूसरे को बधाई दी। गीत-संगीत में थिरकते नजर आईं। सावन तीज क्वीन की खिताब श्री चावड़ा को मिला। दूसरे नंबर पर कोमल चौहान, तीसरे पर पायल चावड़ा रहीं। 50 से ज्यादा महिलाओं ने इस समारोह में शिरकत कीं। सभी ने भविष्य में ऐसे आयोजन का संकल्प लिया।

श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज का आयोजन

कार्यक्रम में जयश्री बेन चावड़ा, वीणा पाणिग्रही, सविता शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

महिला मंडल की जयश्री सोलंकी ने बताया कि ऐसे आयोजनों से हम महिलाओं को साथ आने का मौका मिलता है। सामाजिक एकजुटता आती है। उन्होंने कहा कि सावन का महीना महिलाओं को काफी महत्वपूर्ण है।

## बेलहारी में ओबीसी न्याय दिवस सम्मेलन कल

**जामगांव आर/भिलाई।** ओबीसी संयोजन समिती छत्तीसगढ़ के बैनर तले जिला दुर्ग औऱ ओबीसी संयोजन समिति बालोद के संयुक्त तत्वाधान में ओबीसी न्याय दिवस पर सम्मेलन 7 अगस्त गुरुवार को सुबह 11 बजे से परिक्षेत्रीय साहू भवन बेल्हारी में आयोजित होगा। अध्यक्षता कीरत राम कुल्हारा दुर्ग संभाग अध्यक्ष करेंगे। अतिथि मंच पर बल्दू राम साहू जिलाध्यक्ष बालोद, आयोजक शत्रुघन लाल साहू, अंकालू राम साहू जिला प्रभारी दुर्ग, युवराज सिंह गंजीर संगठन प्रचारक, लक्ष्मण निषाद, नरेन्द्र धरमगुड़ी, हरीश यादव, महेश भौरे, परमानन्द साहू, आनंद राम यादव आदि मंचासीन रहेंगे।

सिटी लाइव

## मेंहदी, कुर्सी और नींबू चम्मच दौड़ में दिखाया दम, व्यंजनों की बिखरी खूशबू



**भिलाई।** पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग की महिलाओं एवं कार्यकारिणी द्वारा राजाभोज मंगल भवन, दीक्षित कॉलोनी नेहरू नगर भिलाई में सावन झूला और तीज महोत्सव छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं के बीच मनाया गया। कार्यक्रम में हल्दी कुमकुम के साथ महिलाओं का स्वागत कर मेंहदी, कुर्सी दौड़, नींबू चम्मच दौड़, स्वादिष्ठ पकवान आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में एकल एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किया। नई नवेली बहुओं के लिए सावन क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नेहा देशमुख ने सावन क्वीन का खिताब जीता। पवार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी ने महिलाओं को सावन झूला एवं तीज महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को हमारी कला, संस्कृति तथा रीति-रिवाजों को जानने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का संचालन महिला अध्यक्ष आशा शरणागत एवं ममता राहंगडाले द्वारा किया गया।

कल्याण महाविद्यालय में मनाया प्रेमचन्द जयंती, वक्ताओं ने रखे अपने विचार

# भारतीय समाज के साहित्य और संस्कृति के गौरव हैं प्रेमचंद, उनकी लेखनी से हर पीढ़ी फली, फूली और बढ़ी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रेमचंद जयंती मनाई गई। हिन्दी विभाग के तत्वावधान और विभागाध्यक्ष डॉ.सुधीर शर्मा, डॉ.फ़िरोज़ा जाफ़र अली और डॉ.अंजन कुमार के निर्देशन में हिन्दी के शोधार्थियों द्वारा प्रेमचंद जयंती कार्यक्रम का आनंद लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राजनीति विभाग की अध्यक्ष डॉ.मणिमेखला शुक्ला द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति और एस.कृष्णा रूपेश के स्वागत गीत के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।



### तुलसी और प्रेमचंद देश और साहित्य-संस्कृति के गौरव

इस अवसर पर हिन्दी के विभागाध्यक्ष डॉ.सुधीर शर्मा ने प्रेमचंद जयंती एवं तुलसी जयंती पर कहा कि आज से लगभग पाँच शताब्दी पूर्व एक आदर्श समाज की स्थापना के लिए जो कार्य महाकवि तुलसीदास ने किया, वैसा ही कार्य बीसवीं शताब्दी में प्रेमचंद ने अपने कथा साहित्य के माध्यम से किया। तुलसी और प्रेमचंद दोनों ही हमारे देश और साहित्य-संस्कृति के गौरव हैं। डॉ.फ़िरोज़ा जाफ़र अली ने प्रेमचंद को युग-पुरुष बताते हुए कहा कि प्रेमचंद ने तत्कालीन समाज में व्याप्त सभी पहलुओं पर लेखनी चलाते हुए समाज को एक नयी दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया। वे अपनी कहानियों और उपन्यासों के पात्र यथार्थ की ज़मीन से चुनते थे और उनके माध्यम से कथा में संवेदनशीलता के साथ-साथ यथार्थ को सींचते थे।

### समाज के सच्चे मार्गदर्शक थे प्रेमचंद

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने कहा कि प्रेमचंद की कहानियों को पढ़कर ही हम बड़े हुए हैं। बचपन में पढ़ी कहानियाँ स्मृतियों में आज भी जीवित हैं। उनकी प्रसिद्ध कहानी ईदगाह के बारे में चर्चा करते हुए डॉ.शर्मा ने आगे कहा कि प्रेमचंद समाज के सच्चे मार्गदर्शक थे। उनकी कहानियों के पात्र जीवन मूल्यों से भरपूर होते थे, ईदगाह कहानी का पात्र हामिद भी उनमें से एक था। हामिद के माध्यम से प्रेमचंद ने पाठकों को दादी-पोते के निश्छल प्रेम को उजागर करने का प्रयास किया और मानवता की मिसाल पेश की।शिक्षा संकाय के प्राध्यापक डॉ.रामा यादव ने कहा कि सभी ने साहित्य के माध्यम से प्रेमचंद को पढ़ा है, हमने प्रेमचंद को जिया है। जिस लमही क्षेत्र में प्रेमचंद का जन्म हुआ, पले-बढ़े, हम भी उसी क्षेत्र के हैं। हमें गर्व होता है कि हमारे क्षेत्र के एक साहित्यकार की ख्याति आज लगभग शताब्दी वर्ष बाद भी कम नहीं हुई है।

समाजशास्त्र के प्रोफ़ेसर डॉ.के.एन.दिनेश ने कहा कि प्रेमचंद ने तत्कालीन समय और समाज को अपने साहित्य में उकेरा है। राजनीति विभाग की प्राध्यापक डॉ.मणिमेखला शुक्ला ने प्रेमचंद को देश का महान साहित्यकार माना और कहा कि प्रेमचंद ने अपनी लेखनी से समाज को उपकृत किया है। शिक्षा संकाय की प्राध्यापक डॉ.शबाना और हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.अंजन कुमार ने कहा कि प्रेमचंद का संपूर्ण साहित्य वस्तुतः स्वतंत्रता, समानता और बंधुता का साहित्य है। उन्होंने अपनी रचनाओं में सांप्रदायिक सौहार्द के विषय को बहुत ही प्रमुखता से उठाया है। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में के हिन्दी विभाग के शोधार्थियों ने प्रेमचंद, साहित्य और कई आयामों पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए अपनी-अपनी बातें रखी। इसमें प्रमुख रूप से शोधार्थी निमाई प्रधान, जितेंद्र, अंजली भटनागर, घनश्याम टंडन, बिमला नायक, पूरन अजय, रजनी पटेल, राकेश कुमार ने वक्तव्य दिया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीबीएसई क्लस्टर 2 बैडमिंटन की विजेता रही डीपीएस रायपुर की टीम



**रायपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल फरक्का एनटीपीसी मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) में सीबीएसई क्लस्टर 2 बैडमिंटन टूर्नामेंट 1 अगस्त से 3 अगस्त तक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में डीपीएस रायपुर अंडर 14 बालक की टीम ने फाइनल जीत कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विजेता टीम के मंगलवार की सुबह पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत ढोल नगाड़ों और फूलों से किया गया।

इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़,पश्चिम बंगाल और उड़ीसा की टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें 113 स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें 600 बालकों और 300 बालिकाओं सहित कुल 900 खिलाड़ी शामिल थे। डीपीएस रायपुर ने डीएवी पब्लिक स्कूल बैरकपुर की टीम को फाइनल में हराया रायपुर की टीम में अभिमन्यु सिंह ,शाश्वत मिश्रा और श्रेयांस मिस्त्री शामिल रहे। टीम के कोच शक्ति मिश्रा ने बताया कि सीबीएसई की नेशनल स्पर्धा गुड़गांव (हरियाणा) में सितंबर माह में होगी। इसमें विजेता टीम भुवनेश्वर जोन का प्रतिनिधित्व करेगी। उल्लेखनीय है कि इसके पहले 2024 में केपीएस भिलाई द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-2 बैडमिंटन टूर्नामेंट भी डीपीएस रायपुर अंडर-14 बालक टीम ने जीता था। स्कूल के खिलाड़ी दो वर्षों से लगातार चैंपियन हैं।

### सीनियर वुमेंस क्रिकेट में छत्तीसगढ़ ने झारखंड को 6 विकेट से हराया



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी द्वारा सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी 20 अभ्यास मैच 2024-25 में छत्तीसगढ़,झारखंड, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। मंगलवार को फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने झारखंड को हराया। पुडुच्चेरी में हुए फाइनल मुकाबले में झारखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 85 रन बनाये। झारखंड की ओर से अनंदिता किशोर ने नाबाद 23 रन तथा सोनिया ने 17 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिज्ञा सिंह, प्रीति यादव तथा महक नरवसे ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 86 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ने 17.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर 91 रन बनाकर मैच आसानी से अपने नाम कर लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से सृष्टि शर्मा ने नाबाद 24 रन तथा प्रीति यादव ने नाबाद 19 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त कृति गुप्ता ने भी 18 रनों का योगदान दिया। झारखंड की ओर से दुर्गा कुमारी तथा ममता पासवान ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। नाबाद 19 रन तथा 2 विकेट लेकर प्रीति यादव प्लेयर ऑफ द मैच बनी। छत्तीसगढ़ ने 6 विकेट से मैच जीत लिया।

### छत्तीसगढ़ की कृति ने बनए 74 रन और उर्मिला ने लिए 2 विकेट






**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी 20 अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित झारखंड पांडेचेरी, हिमाचल प्रदेष आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। छत्तीसगढ़ ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर ओवर में झारखंड को हराया। 04 अगस्त सोमवार को छत्तीसगढ़ का मैच झारखंड के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। झारखंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बारिश की वजह से मैच 15 ओवरों का खेला गया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 15 ओवरों में 6 विकेट खोकर 119 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से कृति गुप्ता ने नाबाद 74 रन और शिवानी कृष्णा ने नाबाद 15 रनों का योगदान दिया। झारखंड की ओर से ममता पासवान तथा दुर्गा कुमारी मुर्मु ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड टीम 15 ओवरों में 6 विकेट खोकर 119 रन ही बना पाई। झारखंड की ओर से अश्वनी कुमारी ने 66 रन तथा खुशबू कुमारी ने नाबाद 35 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से तरन्नुम पठान तथा उर्मिला हरीना ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड की टीम कोई भी रन नहीं बना सकी। छत्तीसगढ़ की ओर से उर्मिला हरीना ने पहली 2 गेदों पर 2 विकेट प्राप्त कर झारखंड की पारी समाप्त कर दी। छत्तीसगढ़ ने पहली ही गेंद पर 4 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ़ ने मैच सुपर ओवर से जीत लिया।

## बारिश की नमी घातक होती है आपके कान के लिए, रखें पूरा ध्यान

# बरसात के मौसम में बढ़ जाता है कान के इंफेक्शन का खतरा, जानें वजह, लक्षण और बचाव के उपाय

मानसून में बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में कई तरह के संक्रमण शरीर में आसानी से प्रवेश कर जाते हैं, जिसके कारण सर्दी, खांसी और जुकाम होना आम बात है। लेकिन बरसात के मौसम में कुछ लापरवाहियों के कारण इंफेक्शन का खतरा अधिक होता है। फंगल इंफेक्शन और सीजनल फ्लू के अलावा त्वचा, आंख और कान भी प्रभावित होते हैं। इस मौसम में अक्सर कान का इंफेक्शन अधिकतर लोगों को परेशान करता है। बारिश के पानी के कारण कानों में तेज दर्द, कान सुन्न होना या कान संबंधी अन्य किसी समस्या को महसूस करते हैं। इसके साथ ही कान में खुजली भी हो सकती है। ऐसे में अगर बारिश के मौसम में अगर आप भी कान की समस्या से परेशान हैं तो हो सकता है कि आप कान का इंफेक्शन हुआ हो। इयर इंफेक्शन के लक्षण जानकर मानसून में कान की समस्या से बचने के लिए उपाय अपना सकते हैं। चलिए जानते हैं कान के इंफेक्शन के लक्षण और बचाव के उपाय।







### कानों में इंफेक्शन की वजह

विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश के मौसम में आंख, कान और त्वचा से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसका कारण ह्यूमिडिटी होती है, जो कि फंगल इंफेक्शन को उत्पन्न करने वाले बैक्टीरिया के लिए प्रजनन स्थल हो सकती है। कान में गंदगी और ईयरबड्स के निशान भी कान के संक्रमण की वजह बन सकते हैं।

### कानों के इंफेक्शन के लक्षण

कानों में दर्द होना।कान के अंदर खुजली होना। कान का बाहरी हिस्सा लाल होना। सही से आवाज सुनाई न दे पाना।कानों में भारीपन महसूस होना। कान से सफेद या पीले रंग का पस निकलना।

### कान के संक्रमण की समस्या से बचने के टिप्स

मानसून में कानों में आने वाली नमी से बचने के लिए कान को हमेशा साफ और सूखा रखें। कान को पोंछने के लिए नरम कॉटन के स्वच्छ कपड़े का उपयोग करें। हमेशा ईयरफोन या ईयरबड्स का इस्तेमाल न करें। दूसरे के इस्तेमाल किए गए ईयरफोन का उपयोग न करें।ईयरफोन का समय समय पर डिसइनफेक्ट करें, ताकि संक्रमण का जोखिम कम हो। गले में इंफेक्शन या खराश के कारण भी कानों का संक्रमण हो सकता है। इसलिए गले का ख्याल रखें। हर 6 महीने में ईएनटी विशेषज्ञ से जांच जरूर कराएं।



## मधुमेह भी हो सकती है त्वचा में होने वाली समस्याओं की वजह

त्वचा में खुजली, खुस्की, लालिमा जैसी समस्याएं होना सामान्य है, ये किसी एलर्जी, प्रतिक्रिया या बीमारियों के कारण हो सकती है। पर हर बार इन समस्याओं को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। त्वचा की कुछ समस्याएं अंतर्निहित बीमारियों का संकेत भी हो सकती हैं जिसके बारे में गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, त्वचा में खुजली, ड्राई स्किन जैसी समस्याएं रक्त संचरण की समस्याओं के कारण हो सकती हैं और परिसंचरण में होने वाली समस्याएं गंभीर समस्याकारक भी हो सकती है, इसलिए इनपर ध्यान दिया जाना बहुत आवश्यक है।

डॉक्टर कहते हैं, मधुमेह जैसी क्रोनिक बीमारियों की स्थिति में त्वचा से संबंधित विकारों का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। डायबिटीज की स्थिति वाले कुछ लोगों में त्वचा की समस्याएं गंभीर रूप भी ले सकती हैं। यदि आपका भी ब्लड शुगर लेवल अक्सर अनियंत्रित रहता है तो इन समस्याओं पर गौर करना बहुत आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि डायबिटीज वाले लोगों में त्वचा की



किन समस्याओं को जोखिम अधिक हो सकता है?

### त्वचा पर छालों की समस्या

मधुमेह वाले लोगों में त्वचा पर छाले होने की दिक्कत काफी आम है, इसमें हाथों की उंगलियों, पैर की उंगलियों, हाथों, पैरों में छाले होने लगते हैं। आमतौर पर ये छाले सफेद होते हैं। छाले डरावने लग सकते हैं, लेकिन वे आम तौर पर दर्द नहीं देते और लगभग दो-तीन सप्ताह में अपने आप ठीक हो जाते हैं। ये छाले इस बात का संकेत हो सकते हैं कि आपको मधुमेह है या आपके ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं है। इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक माना जाता है।

### डिजिटल स्केलेरोसिस

मधुमेह के शिकार लोगों में डिजिटल स्केलेरोसिस होने का खतरा भी काफी आम होता है, जिसमें आपकी त्वचा सामान्य से मोटी हो जाती है। टाइप-1 और टाइप-2 दोनों प्रकार के डायबिटीज के शिकार लोगों में ये समस्या हो सकती हैं। हाथों के पीछे या उंगलियों या पैर की उंगलियों पर त्वचा मोटी और मोम नुमा हो सकती है। अगर आपके ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं रहता है तो इस रोग के विकसित होने का जोखिम अधिक होती है।

### नेक्रोबायोसिस लिपोइडिका

नेक्रोबायोसिस का मतलब है कोशिकाओं का डेड होना। आपकी त्वचा पर छोटे, उभरे हुए, लाल धब्बे धीरे-धीरे बड़े और चमकदार हो जाते हैं और कभी-कभी पीले हो जाते हैं। इसमें त्वचा पतली और फट भी सकती है, जिससे घाव हो सकते हैं जिसमें अल्सर होने का भी खतरा देखा जाता रहा है। वैसे तो इस तरह के मामले काफी दुर्लभ है, मधुमेह से पीड़ित 300 लोगों में से केवल एक को ही यह बीमारी होती है। मधुमेह रोगियों को त्वचा की समस्याओं पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है।



## पूर्वी क्षेत्र स्केटिंग चैंपियनशिप में 200 से अधिक विजेता

**रायपुर।** सीबीएसई पूर्वी क्षेत्र स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में शानदार ऊर्जा और उत्साहजनक भागीदारी के साथ किया गया। पाँच दिवसीय इस खेल महाकुंभ में भारत के पूर्वी क्षेत्र के युवा स्केटर्स ने कड़ी प्रतिस्पर्धा, अदम्य दृढ़ संकल्प और उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

चैंपियनशिप का उद्घाटन 31 जुलाई को विशिष्ट अतिथियों ने किया। अंडर-9, अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्गों में इनलाइन और क्वाड्स प्रारूपों में सात रेसिंग स्पर्धाओं में अरुणाचल प्रदेश,

- ग्लोरी ऑन व्हील्स का आयोजन हुआ केपीएस सरोना में

असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ ने भाग लिया। 500 मीटर वर्ग में बालक-बालिकाओं दोनों के लिए कुल 80 से अधिक मैच आयोजित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 210 पदक विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से किशोर भंडारी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ रोलर स्केटिंग महासंघ, सुमित शर्मा, सचिव, झारखंड रोलर स्केटिंग महासंघ, सनी अग्रवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री और अर्जुन यादव पार्षद अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को नरेंद्र मोदी विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा की उपस्थिति और एम.एम. त्रिपाठी, चेयरमैन, कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, प्राचार्य डॉ. अर्चना मिश्रा, शैक्षणिक निदेशक अपर्णा त्रिपाठी और अतिरिक्त प्राचार्य शुभम मिश्रा ने भी संबोधित किया। कृष्णा पब्लिक स्कूल, सरोना ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सम्मानित अतिथियों और योगदानकर्ताओं का आभार जताया। जिसमें मीनल चौबे, महापौर, रायपुर, सूर्यकांत राठौड़, नगर निगम सभापति, नगर पालिका, रायपुर के सभी प्रमुख प्रवीण जैन, प्रमुख, खेल प्रकोष्ठ, कांग्रेस पार्टी,राजीव चौधरी, प्रमुख, खेल प्रकोष्ठ, रविशंकर विश्वविद्यालय श्वेता विश्वकर्मा और जोन अध्यक्ष शामिल हैं।




### पदक हासिल करने का जश्न मनाया खिलाड़ियों ने

विभिन्न श्रेणियों के तहत, विजेताओं ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्राप्त करने का जश्न मनाया। विजेताओं में स्मृति कौर ने स्वर्ण पदक और रिद्धिमा देव ने रजत हासिल किया। सुंदर 14 इनलाइन 500 मीटर दौड़ में अंकित सिंह (स्वर्ण), हृदय मेधी (रजत), अनुराग पॉल (कांस्य) विजेता रहे। अंडर 17 पुरुष इनलाइन में रिद्धिमान बनर्जी (स्वर्ण), देबेन पटनायक (रजत), अक्षत जैन (कांस्य) विजेता रहे। अंडर 11 क्वाड्स पुरुष वर्ग में 500 मीटर दौड़ में रोनव तालुकदार ने स्वर्ण, जयस्तु सरदार ने रजत और अहान अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता जबकि महिलाओं में आद्या त्रिपाठी ने स्वर्ण, वैनावी दुगा ने रजत, मोरेरा तोदी ने कांस्य पदक जीता। अंडर 11 इन लाइन महिला विजेताओं में कीरत कौर (स्वर्ण), तन्वी केडिया (रजत), शरण्या खटानियार (कांस्य) शामिल हैं। अंडर 11 इन लाइन पुरुष वर्ग के विजेता में निदान मादेवार स्वर्ण, बिनॉय चंद्र सरकार (रजत), शिवांक नायक (कांस्य) हैं। अंडर 9 पुरुष इनलाइन वर्ग के विजेता अथर्व सिंह (स्वर्ण), त्रिदिब मजूमदार (रजत) और प्रत्यूष सिंह (कांस्य) शामिल हैं। अंडर 9 महिला इनलाइन 500 मीटर के लिए विजेता रिसांका गोगोई (स्वर्ण), मायरा होमगाई (रजत), सोमिया ओगरे (कांस्य) शामिल हैं। इनलाइन पुरुष वर्ग के 14 विजेताओं में 500 मीटर अंकित सिंह (स्वर्ण), हृदय मेधी (रजत), अनुराग पॉल (कांस्य) और कई अन्य शामिल हैं।

## आपके तलवे में छिपा है किस्मत का राज

फुट रीडिंग भारत और चीन में एक प्राचीन अवधारणा है और इसमें एक व्यक्ति को अपने पैर की उंगलियों या अपने तलवों की रेखाओं के बारे में जानकारी लेना शामिल है। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि तलवे अपने पैरों के शीर्ष की तुलना में किसी व्यक्ति के बारे में अधिक बताते हैं और आपके भविष्य की जानकारी भी देते हैं।

### बनावट बताती है स्वभाव

शीतल बताती हैं कि आपके पैरों के तलवों से आप किसी भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में जान सकते हैं। इसमें कुछ ख़ास बातें ध्यान देनी चाहिए। आइए जानें क्या हैं वो बातें – यदि आप अपने तलवे की गद्दी के बीच खड़ी रेखाएं देखते हैं तो आप शायद आत्म-सम्मान में कम महसूस कर सकते हैं। पैरों के तलवे की रेखाएं यदि तिरछी हैं तो ये आपके अनिर्णय को दर्शाती हैं। ऐसे लोग किसी भी बात के लिए दृढ़ नहीं हो पाते हैं और अपने निर्णय लेने में देरी करते हैं। नैरो हील्स का मतलब है कि आपको ज्यादा सुरक्षा की जरूरत है और आप कई बातों के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। यदि आपके पैर के उत्तर से दक्षिण तक लंबी लाइन है तो आप अपने आप पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं।

**कार्नर न्यूज**

## दुर्ग शिक्षा विभाग की ओर से दुर्ग संभाग अंतर शालेय टेबल टेनिस चयन प्रतियोगिता हुई भिलाई में

# अंतर शालेय टेबल टेनिस में शानदार खेल दिखाया बच्चों ने

**भिलाई।** दुर्ग शिक्षा विभाग की ओर से दुर्ग संभाग अंतर शालेय टेबल टेनिस चयन प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स जवाहर नगर भिलाई में किया गया। इस प्रतियोगिता में तीन वर्गों अंडर 14, अंडर 17 और अंडर-19 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें अंडर-14 बालिका वीना ने अर्पिता को 2-0 से, प्रियंका ने चाहत को 2 -0 से, अनुष्का पाल ने टिकेश्वरी को 2-0 से, चाहत ने टिकेश्वरी साहू को 2-1 से पराजित किया। अंडर 17 बालिका वर्ग कुमाक्षी ने तृप्ति को 2-0 से, भुवनेश्वरी ने चंचल को 2-0 से, गीतांजलि ने निकिता साहू को 2-0 से, गीतांजलि कवर ने चंचल को 20 से पराजित किया। अंडर-19 बालिका वर्ग सूची वर्मा ने कांक्षा को 2-0 से, रिंकी ने वेद कुमारी को 2-0 से, पलक ने हिमानी साहू को 2-0 से, कांक्षा ने जाविका को 2-0 से, लक्ष्मी ने हिमानी साहू को 2-0 से पराजित किया। अंडर 14 बालक वर्ग तोमेश ने प्रखर को 2-0 से, साहिल ने रेख लाल को 2-0 से, इशांत ने साहिल को 2-0 से,प्रखर ने अनुराग को 2-0 से पराजित किया। अंडर 17 बालक वर्ग में वैभव साहू ने विशाल को 2-0 से, अरमान सोनवानी ने खेमेन्द्र को 2-0 से, खेमेन्द्र ने अर्श पंडित को 2-0 से पराजित किया। अंडर-19 बालक वर्ग मिथिलेश ने मंगेश सेन को 2-0 से, सूरज ने साहिल जांगड़े को 2-1 से, टुमेंद ने ड्रोन को 2-0 रोहन ने साहिल जांगड़े को 2-1 से पराजित किया।



इन परिणामों के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिनमें अंडर 14 बालिका वर्ग वीणा ( बालोद) ,प्रियंका ( बालोद), अनुष्का पाल (दुर्ग),अर्पिता दुबे ( दुर्ग), चाहत ( दुर्ग), अंडर 17 बालिका वर्ग कुमाक्षी ( बालोद), भुवनेश्वरी ( बालोद), गीतांजलि (बालोद), निकिता साहू (बेमेतरा), गीतांजलि कवर( बालोद),अंडर-19 बालिका वर्ग सूची वर्मा (दुर्ग), काक्षा (बालोद), रिंकी (बालोद), पलक (बालोद) एवं लक्ष्मी (बालोद), बालक वर्ग में अंडर 14 आयुष नाग (दुर्ग), इशांत टांडी ( दुर्ग), साहिल (बालोद) और तोमेश साहू (दुर्ग) शामिल हैं।

## राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ टीम रवाना

ग्रेटर नोएडा ( यू.पी.) में 7 अगस्त से 13 अगस्त तक आयोजित होने जा रही चौथी सब-जूनियर बालक व बालिका राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ राज्य की बॉक्सिंग टीम मंगलवार को रवाना हुई। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 17 वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब-जूनियर बालक व बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप 11 जुलाई से 13 जुलाई तक बिलासपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें चयनित बालक वर्गों में 13 वर्ग समूह व बालिकाओं में पांच (5) वर्ग समूह में छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग टीम कि प्रतिनिधित्व करेंगे। बालक वर्ग के मुक्केबाज के में 30-33 वर्ग समूह में दीयाम खोब्रागडे जिला - दुर्ग , 33-35 वर्ग में आयुश कुमार जिला- बालोद , 35-37 वर्ग में आश्विन कुमार शाह जिला- दुर्ग , 37-40 वर्ग में आर्यन चौहान जिला- बिलासपुर , 40-43 वर्ग में गिरांश हिरवानी जिला- दुर्ग , 43-46 वर्ग में जय जेनेद्र शर्मा जिला- रायपुर ,46-49 वर्ग में अमन श्रीवास्तव जिला- बिलासपुर , 49-52 वर्ग में नितेश कुमार साव जिला -दुर्ग ,52-55 वर्ग में साक्ष्य वासुदेव जिला- रायपुर, 55-58 वर्ग में नमन कुमार साव जिला- दुर्ग , 58-61 वर्ग में शेख सैफ जिला-दुर्ग , 61-64 वर्ग में निर्भय चौधरी जिला- दुर्ग , 70+ वर्ग में वेदार्थ एस पिल्लै जिला- रायपुर, बालिका वर्ग के मुक्केबाज , 35-37 वर्ग में इशिता टंडन जिला - बालोद ,37-40 वर्ग में शताक्षी सिंह परिहार जिला- बिलासपुर, 40-43 वर्ग में काव्या साहू जिला- बालोद , 43-46 वर्ग में श्रेयासी शुक्ला जिला- बिलासपुर , 46-49 वर्ग में योगिता मोगरे जिला- बिलासपुर, बॉक्सिंग टीम के कोच प्रवीण ठाकुर जिला- दुर्ग, सोनू ध्रुव जिला- रायपुर , सौरभ पासवान जिला- बिलासपुर , टामिन साहू जिला- बालोद शामिल हैं। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष आर. राजेन्द्रन डिप्टी डायरेक्टर के रूप में भाग लेगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'वंडर वुमन' में गैल गडोट के दिखने को लेकर संशय, डायरेक्टर जेम्स गन ने बताया सच



डीसी स्टूडियोज के डायरेक्टर जेम्स गन ने अपनी फिल्म 'वंडर वुमन' की कास्टिंग पर चल रही अफवाहों पर रिएक्ट किया है। कहा जा रहा है कि जेम्स गन 'वंडर वुमन' में मिली एलकॉक या एड्रिया अर्जोना को ले सकते हैं। फिल्ममेकर जेम्स गन 'सुपरमैन' की रिलीज के बाद अब अपनी नई फिल्म 'वंडर वुमन' को लेकर चर्चा हैं। कहा जा रहा था कि जेम्स गन अपनी डीसी यूनिवर्स की 'वंडर वुमन' फिल्म के लिए टीवी एक्ट्रेस मिली एलकॉक को लेने की योजना बना रहे हैं, जो 'सुपरगर्ल' का हिस्सा थीं। इसके बाद से यह भी चर्चा होने लगी कि 'वंडर वुमन' से अब गैल गडोट रिप्लेस हो जाएंगी, जिन्होंने इस किरदार को दुनियाभर में पहुंचाया। गैल गडोट की 'वंडर वुमन 3' कैंसिल होने के बाद जेम्स गन के डीसी यूनिवर्स की नई 'वंडर वुमन' फिल्म की खूब चर्चा हो रही थी। लेकिन जेम्स गन ने 'वंडर वुमन' की कास्टिंग को लेकर चल रही अफवाहों पर रिएक्ट किया है। उन्होंने 'थ्रेड्स' पर थ्रेड्स पर फैंस द्वारा शेयर की गई अफवाहों पर रिएक्ट करते हुए लिखा कि फिलहाल 'वंडर वुमन' फिल्म के लिए कास्टिंग शुरू नहीं की गई है। जेम्स गन ने यह भी कहा कि वह अभी न तो एक्टर्स की तलाश कर रहे हैं और ना ही इसकी चर्चा कर रहे हैं। कम से कम तब तक तो नहीं, जब तक स्क्रिप्ट खत्म नहीं हो जाती।'वहीं, जेम्स गन ने 'वंडर वुमन' में टीवी एक्ट्रेस मिली एलकॉक के साइन किए जाने की खबरों पर रिएक्ट करते हुए लिखा, 'नहीं। और मैं कभी भी किसी बड़े रोल की तलाश इस आधार पर नहीं करूंगा कि उन्होंने टीवी में काम किया है, फिल्में या कुछ और किया है।

### टॉलीवुड

## सिनेमाघरों के बाद 'किंगडम' स्ट्रीम होगी ओटीटी पर, दर्शकों को है बेसब्री से इंतजार



विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' जो हिंदी में 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज हुई है। इस फिल्म की ओ टी टी रिलीज को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। खबर के मुताबिक, ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने 'किंगडम' के आधिकारिक तौर पर स्ट्रीमिंग राइट्स हासिल कर लिए हैं। यानी सिनेमाघरों में रिलीज होने के चार हफ्तों बाद दर्शक इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। सब कुछ सही रहा तो 'किंगडम' इस महीने के आखिर तक नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू कर सकती है। विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' को तेलुग भाषा में इसी नाम से रिलीज किया गया है, जबकि इसी फिल्म को हिंदी में 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्ननुरी ने किया है। इस फिल्म में विजय के अलावा भाग्यश्री बोरसे ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्माण नागा वामसी और साई सौजन्या ने सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज बैनर के तहत किया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है।
31 जुलाई को रिलीज हुई विजय देवरकोंडा और भाग्यश्री बोरसे की फिल्म 'किंगडम' ने पहले दिन गुरुवार बॉक्स ऑफिस पर 15.75 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। वहीं आज शुक्रवार को दूसरे दिन फिल्म ने 0.12 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। यह आंकड़े पूरे दिन में बदलेंगे। बहरहाल, फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 15.87 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

### भोजपुरी

## सावन के माहौल में 'शिव कैलाशों के वासी'की मची धूम, प्रियंका ने जमाया रंग



सावन का महीना चल रहा है और इस समय हर कोई शिवभक्ति में लीन है। 'शिव कैलाशों के वासी' गाने के कई वर्जन आ चुके हैं। अब इसका फीमेल वर्जन आया है, जिसे प्रियंका सिंह ने गाया हैऔर ये गीत कुछ दिनों पहले ही यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। इस गीत को सुनकर भी आपको सुकून मिलेगा और आप इस गीत में कहीं खो जाएंगे। इस गीत में प्रियंका सिंह ही नजर आई हैं और पूरा गाना वैसा ही है, जो हंसराज रघुवंशी के 'शिव कैलाशों के वासी' में था। फिर भी आपको एक बार इस फीमेल वर्जन को सुन लेना चाहिए, आइए बताते हैं इसे किस यूट्यूब चैनल पर सुन सकते हैं? भोजपुरी सिंगर प्रियंका सिंह ने कई सुपरहिट गाने गाए हैं, लेकिन इस बार उन्होंने एक हिंदी भक्ति गाने का फीमेल वर्जन गाया जो दिल को सुकून देने वाला है। इस शिव भजन को 20 जुलाई को नोवा स्प्रिचुअल इंडिया नाम के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था। प्रियंका सिंह की आवाज में गाए इस गीत का म्यूजिक विनीत सिंह ने बनाया जो ओरिजनल सॉन्ग से अलग हैं। इस म्यूजिक वीडियो को विनीत सिंह ने ही डायरेक्ट भी किया है। इस गीत को बिलिव अस इंडिया प्रोडक्शन बैनर तले बनाया गया है। इस गाने में प्रियंका सिंह अलग-अलग शिव मंदिरों के दर्शन करती हैं और गंगा घाट पर इस भजन को गाते हुए शिवभक्ति में लीन दिखाई गई हैं। इस यूट्यूब चैनल पर पहले भी कई भोजपुरी सिंगर्स के भक्ति गाने अपलोड किए हैं, जिन्हें लोग खूब पसंद भी करते हैं।

### लाइफ स्टाइल

## मारिया का कलेक्शन



फैशन फर्म डायर विमेन की क्रिएटिव डायरेक्टर मारिया ग्राज़िया चिउरी ने ब्रांड का हाउते कॉउचर संग्रह प्रस्तुत किया, जिसमें कला और शिल्प का संयोजन है। न्यूयार्क फैशन वीक के दौरान पेश किए गए इस कलेक्शन को खूब तारीफ मिली।

## बालों की ग्रोथ के लिए दही में मिलाकर करें इनका इस्तेमाल

बालों की ग्रोथ के लिए अक्सर हम बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें ऐसा लगता है कि इनको लगाने से बाल जल्दी बड़े हो जाएंगे। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। बल्कि इनमें मौजूद हार्मफुल केमिकल बालों को रफ और बेजान बना देते हैं। इससे अच्छा है की आप बालों में दही का इस्तेमाल करें। इससे बाल प्राकृतिक रूप से हेल्दी हो जाएंगे। साथ ही लंबे और घने नजर आएंगे। आप इसका इस्तेमाल यहां बताए गए इन 2 तरीकों से कर सकती हैं और बालों को लंबा कर सकती हैं।

### दही और ब्राह्मी का करें इस्तेमाल

हेयर ग्रोथ के लिए अलग-अलग चीजों के इस्तेमाल की जगह आप बालों में दही और ब्राह्मी का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें मौजूद विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें इस्तेमाल

इसके लिए सबसे पहले आपको एक कटोरी में दही लेना है। फिर इसमें ब्राह्मी पाउडर को मिक्स करना है। अब इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करना है। इसके बाद बालों में लगाना है और अच्छे से मसाज करनी है।अब इसे 20-30 मिनट के लिए बालों में लगा रहने दें। फिर शैंपू लगाकर बालों को साफ कर लें। इससे आपके बाल लंबे भी हो जाएंगे और मजबूत भी नजर आएंगे।



### दही और मेथी दाने का करें इस्तेमाल

बालों की ग्रोथ अच्छी हो वो हर कोई चाहता है। इसलिए अक्सर हम उन चीजों का इस्तेमाल करते हैं जो घर में ही मौजूद होती है। ऐसे में आप दही (हेयर रीग्रोथ) और मेथी दाने का इस्तेमाल बालों में लगा सकती हैं। इससे बाल बहुत जल्दी बढ़ने शुरू हो जाते हैं।

### इस तरह करें इस्तेमाल

इसके लिए रात भर मेथी दाना भिगोकर रखें। अब अगली सुबह उठकर इसे मिक्सी में पीस लें। फिर इस पेस्ट को एक कटोरी में निकाल लें। अब इसमें दही मिलाएं और इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स (लंबे बालों का घरेलु नुस्खा) कर लें। इसके बाद इसे अपने बालों में अप्लाई करें।

## अलग दिखना है खूबसूरत तो फॉलो करें सेलेब्स के ट्रेंडी लुक्स



त्यौहार या खास मौकों पर आप भी खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो सेलिब्रिटी इंस्पायर लुक क्रिएट कर सकती हैं। त्योहारों में नए-नए कपड़े और ज्वेलरी पहनकर तैयार होना तो बनता है। एएशए णऔखऔँ फ्र अगर आप भी सेलिब्रिटी की तरह खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो उनके स्टाइल किए गए लुक्स को रीक्रिएट कर सकती हैं। इससे आप बहुत खूबसूरत लगेंगी।

### आलिया भट्ट का साड़ी लुक



अगर आप खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो आप आलिया भट्ट की इस मिरर बॉर्डर वर्क साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। ऑरेंज कलर की इस साड़ी में आलिया बेहद खूबसूरत लग रही हैं इसे स्टाइल बाय अमी ने डिजाइन किया है। इस पूरी साड़ी में बॉर्डर पर मिरर वर्क और बीड्स लटकन का वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने ब्लाउज भी मिरर वर्क वाला पहना है। आप भी इस तरीके की साड़ी को वियर कर सकती हैं। ये काफी सुंदर लगती है। इस साड़ी के साथ लाइट वेट ज्वेलरी और ओपन हेयर स्टाइल बनाएं। इस तरह की साड़ी आपको मार्केट में 1500 से 2000 रुपये में मिल जाएगी।

### जान्हवी कपूर का ऑफ व्हाइट साड़ी लुक



अगर आपको सिंपल लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप जान्हवी कपूर के इस लुक को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें उन्होंने ऑफ व्हाइट साड़ी (ब्लाउज डिजाइन) को वियर किया है। साड़ी सिंपल होने की वजह से ब्लाउज हैवी रखा है। इसमें बॉर्डर पर जाली वाला वर्क हुआ है। इस तरीके की साड़ी आप भी वियर कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग डिजाइन भी मिलेगें।

## फेस शेप के हिसाब से सही नथ चुनना आसान, दिखेंगी स्टाइलिश

नथ के अलग-अलग डिजाइन आपको मिल जाएंगे। जिन्हें आप किसी खास ओकेजन पर स्टाइल कर सकती हैं। कई सारे डिजाइन आपको अच्छे भी लगेंगे। लेकिन फिर भी आप उसे स्टाइल नहीं कर पाएंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि इन्हें वियर करने के लिए आपको अपने फेस शेप का खास ध्यान रखना होगा। हर किसी का फेस कट अलग-अलग होता है जिसके हिसाब से डिजाइन क्रिएट किए गए होते हैं। आप भी यहां बताई गई बातों का ध्यान रखकर सही नथ चुन सकती हैं।

### लंबे फेस के लिए नथ डिजाइन

अगर आपका फेस लंबा है तो इस फेस कट के लिए आप सिंपल वर्क वाली नथ खरीद सकती हैं। इसमें आपको सिर्फ गोल्ड का तार मिलेगा। जिसमें नीचे की तरफ मोती लगा होगा और पर्ल लटका होगा। इसी के साथ लटकन में पर्ल लगा होगा। इस तरह के नथ डिजाइन लंबे फेस वाली लड़कियों पर काफी अच्छे लगते हैं। अगर आप हैवी खरीदेंगी तो वो आपके फेस को छोटा दिखाएगी। इसलिए आप इन्हें खरीदें और



करवा चौथ पर वियर करें।

### गोल फेस के लिए नथ डिजाइन


नथ के अलग-अलग डिजाइन आपको ऑनलाइन और मार्केट में देखने को मिल जाएंगे। ऐसे में अगर आपका फेस गोल है तो इसके लिए आप लंबी नहीं बल्कि (गोल चेहरे के लिए नोज पिन डिजाइन) छोटी नथ खरीद सकती हैं। छोटी नथ का आजकल काफी ट्रेंड भी चल रहा है। आपको इसमें हैवी वर्क भी मिल जाएगा और सिंपल वर्क वाले डिजाइन भी मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करके आप खूबसूरत लग सकती हैं।

## पोर्स को साफ करने के लिए करें घरेलू चीजों का इस्तेमाल

चेहरे की त्वचा की देखभाल करने के लिए हम कई प्रोडक्ट्स को चेहरे पर लगाते हैं। वहीं इन प्रोडक्ट्स को बनाते समय कई तरीके के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है जो त्वचा के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। वहीं चेहरे की त्वचा को साफ और निखरा हुआ बनाने के लिए पोर्स की सफाई करना भी बेहद जरूरी होता है। अक्सर बाहरी गंदगी और गलत खान-पान के कारण चेहरे पर मौजूद पोर्स गंदे हो जाते हैं। इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं और चेहरे पर मौजूद पोर्स को साफ कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कौन-सी हैं वो चीजें और उनसे त्वचा को मिलने वाले फायदे क्या हैं।

### चेहरे पर दही लगाने के फायदे क्या हैं?

त्वचा पर निखार लाने के लिए भी दही बेहद फायदेमंद होता है। दही स्किन में दिखने वाले एजिंग साइंस को कम करने में मदद करती है। इसका का इस्तेमाल करने से चेहरे की त्वचा लंबे समय तक जवां और खूबसूरत नजर आती है।



### चेहरे पर कॉफ़ी पाउडर से क्या होता है?

कॉफी पाउडर स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। इसका इस्तेमाल स्किन में मौजूद गंदगी को खत्म करने के लिए भी किया जाता है। साथ ही कॉफी त्वचा में मौजूद डेड सेल्स को निकालने में मदद करता है। आपको बता दें कि कॉफी पाउडर धूप से होने वाले स्किन डैमेज से भी बचाता है। सबसे पहले एक बाउल में करीब 2 से 3 चम्मच दही की डालें। इसमें अब आप आधा चम्मच कॉफी की डालें और दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद ब्रश की मदद से इसे अपने चेहरे पर लगाएं।

### कार्नर न्यूज

### साड़ी लुक को आकर्षक बनाने के लिए ब्लाउज का मैचिंग डिजाइन चुनना बेहद जरूरी

## चौड़े कंधों पर खूब जचेंगे ब्लाउज के आकर्षक डिजाइंस, लोग करेंगे तारीफ

साड़ी पहनना हम सभी बेहद पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइंस आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। वहीं करवाचौथ का त्यौहार आने वाला है और इस दिन अक्सर सुहागने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं।

इस दन ज्यादातर साड़ी पहनना पसंद किया जाता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं साड़ी के साथ पहनने के लिए ब्लाउज के लिए कुछ आकर्षक डिजाइंस जिन्हें आप इस करवाचौथ के मौके पर ट्राई कर सकती हैं और अपने लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं।

### पेंटागन डिजाइन ब्लाउज

आजकल इस तरह की नेकलाइन को काफी पसंद किया जा रहा है। इस तरह की नेकलाइन आपके कंधों को डेप्थ देने में मदद करेगी और आपके लुक को आकर्षक बना देगी। वहीं इस खूबसूरत डिजाइन के ब्लाउज को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। सी थ्रू साड़ी के साथ ऐसा डिजाइन आपके लुक में चार चांद लगा देगा। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप हैवी इयररिंग्स को स्टाइल करें।



### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

अगर आप नार्मल राउंड नेकलाइन से बोर हो गई हैं तो इस तरह से मटके की शेप में नेकलाइन को बनवा सकती हैं। इस तरीके का लुक आपके साड़ी लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा। वहीं अगर आपकी बाजू भारी है तो स्लीव्स को फुल ही रखें। इस लुक को डिजाइनर अर्पिता मेहता द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की नेक लाइन के साथ गले से लगे चोकर और मैचिंग स्टड्स इयररिंग्स को स्टाइल करें।

### ऑफ शोल्डर डिजाइन ब्लाउज

बोल्ड लुक वाले डिजाइन के ब्लाउज को स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरीके के लो नेक लाइन वाले ऑफ शोल्डर स्वीट हार्ट नेक डिजाइन को चुन सकती हैं। इस तरीके का ब्लाउज आप हैवी से लेकर प्लेन साड़ी तक के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस खूबसूरत वर्क वाले ब्लाउज को तरूण ताहिलियानी द्वारा डिजाइन किया गया है।

